


बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 26 जुलाई 2026 | दिन - रविवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 180 | मूल्य - 5 रुपये






## कॉक्रोच जनता पार्टी की बड़ी जीत, आखिरकार शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने दे दिया इस्तीफा..

### कॉजपा ने विरोध-प्रदर्शन खत्म करने की घोषणा की..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को अपने पद से आखिरकार इस्तीफा दे ही दिया। इसके बाद केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों और आंदोलन की अगुवाई कर रही कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के प्रतिनिधिमंडल के बीच हुई बातचीत में संगठन की अन्य मांगों को सरकार द्वारा मान लिये जाने के बाद कॉजपा ने अपना आंदोलन समाप्त करने का एलान किया।***

गौरतलब है कि प्रधान का इस्तीफा परीक्षा में गड़बड़ियों को लेकर जताई जा रही चिंताओं को दूर करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से विभिन्न उपाय घोषित किए जाने के एक दिन बाद आया। इन उपायों में प्रश्नपत्र लीक में शामिल लोगों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान करने वाला कानून लाना और तेजी से सुनवाई के लिए त्वरित अदालत बनाना शामिल है। परीक्षा प्रणाली में सुधार, नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में जवाबदेही तय करने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पद से प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉजपा के नेतृत्व में जंतर-मंतर पर 20 जून को छात्रों का विरोध-प्रदर्शन शुरू हुआ था।

कॉजपा एक व्यंग्यात्मक ऑनलाइन मंच है, जिसकी स्थापना आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व पदाधिकारी अभिजीत दीपके ने की है। धीरे-धीरे यह हाल के समय के युवाओं के नेतृत्व वाले सबसे अहम आंदोलनों में से एक बन गया। गौरतलब है कि नड्डा ने 20 जुलाई को अपने आवास पर काजपा के सौरव दास और रांका के साथ एक के बाद एक दो बैठकें की थीं। उसी दिन हजारों प्रदर्शनकारियों ने संगठन के 'संसद चलो' आह्वान पर संसद की ओर मार्च शुरू किया था, लेकिन पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल करके उन्हें पीछे धकेल दिया था। इस दौरान कई लोग घायल हुए थे। शुक्रवार को भी दोनों पक्षों के बीच बैठक हुई थी। इसके बाद कॉजपा ने कहा था कि प्रधान के इस्तीफे तक जंतर-मंतर पर छात्रों का विरोध-प्रदर्शन जारी रहेगा। बृहस्पतिवार आधी रात के आसपास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक वीडियो संदेश में घोषणा की कि प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के प्रावधानों वाला एक विधेयक अगले हफ्ते संसद में पेश किया जाएगा। वहीं प्रधान के इस्तीफे के कुछ समय बाद सरकार और कॉजपा के बीच शनिवार को एक और बैठक हुई। यह कॉजपा और सरकार के बीच चौथी आधिकारिक बैठक थी।



### बोले धर्मेन्द्र प्रधान..

केन्द्रिय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने दोपहर में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए कहा कि पिछले 10 दिन के घटनाक्रम से उनका मन 'बेहद दुखी' है और यह उनके लिए 'व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का विषय नहीं है।' प्रधान ने कहा, जंतर-मंतर पर और देश में जो स्थिति बनी है, उसका राष्ट्र-विरोधी ताकतें लाभ न उठाएं, देश की एकता बनी रहे, भारत के एक भी विद्यार्थी का भविष्य कानूनी पेचीदगियों में न उलझे, हमारे बच्चे अपना समय पढ़ाई में लगाएं, करियर बनाने पर ध्यान केंद्रित करें, इसी बात पर विचार करते हुए मैंने अपना त्यागपत्र प्रधानमंत्री को भेज दिया है।

### मोदी सरकार में इस्तीफा देने वाले दूसरे मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान..

प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में प्रधान सार्वजनिक विवाद के बाद इस्तीफा देने वाले दूसरे केंद्रीय मंत्री हैं। उनसे पहले एमजे अकबर ने 2018 में विदेश राज्य मंत्री के पद से उस समय इस्तीफा दे दिया था, जब मीटू आंदोलन के दौरान उन पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे।

### बोले अभिजीत दीपके और सोनम वांगचुक..

कॉजपा के संस्थापक अभिजीत दीपके ने प्रधान के इस्तीफे को लोकतंत्र की जीत करार दिया। उन्होंने कहा, 'कॉजपा से पंगा मत लेना।' वहीं, छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के समर्थन में 26 दिन अनशन करने वाले जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'लोकतंत्र की जीत, प्रत्यक्ष लोकतंत्र... जो सीधे सड़कों से निकला है।' उन्होंने इसे 'शांति, धैर्य और दृढ़ता की जीत' बताया तथा 'डर को त्यागकर देश के हर कोने में खड़े होने के लिए कॉजपा, जेन-जेड और आम नागरिकों को बधाई दी।

### कॉजपा ने की यह घोषणा..

छात्रों के आंदोलन की अगुवाई कर रही कॉजपा ने घोषणा की कि वह केंद्र सरकार से नीट प्रश्नपत्र लीक विवाद के बाद कथित तौर पर आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिजन को एक-एक करोड़ का मुआवजा देने और 20 जुलाई को संगठन के 'संसद चलो' मार्च में शामिल प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी वापस लेने का आश्वासन मिलने के बाद अपना विरोध-प्रदर्शन तत्काल प्रभाव से समाप्त कर रही है।


### बोले खड़गे और राहुल गांधी

**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधान के इस्तीफे को देश के करोड़ों युवाओं, सत्य और साझा विपक्ष की जीत तथा प्रधानमंत्री मोदी के 'हठ' की हार करार दिया। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधान के इस्तीफे को ''शिक्षा व्यवस्था'' को फिर से संवारने की दिशा में ''बड़ा कदम' बताया और कहा कि ''इस सरकार को हटाने का वक्त आ गया है।''**

## बुजुर्ग के मुंह में लोहे की रॉड ठूंस दी, और मूंह बंद करने दबा दिया महिला का गला..

### बालाघाट जिले के ग्राम कुल्पा में दिन दहाड़े बुजुर्गों को बंधक बनाकर लाखों के जेवर, नकदी की हुई लूट..

### एक माह के भीतर दूसरी घटना पुलिस के लिए चुनौती..







**जगप्रेरणा लांजी।**

बालाघाट जिले के लांजी थाना क्षेत्र में अपराधियों के बढ़ते हौसलों ने एक बार फिर पुलिस की नाकामियों को सामने लाकर खड़ा करा दिया है। क्षेत्र के ग्राम कुल्पा में शनिवार 25 जुलाई को दोपहर में चार बदमाशों ने एक बुजुर्ग दंपत्ति को बंदूक और चाकू की नोक पर बंधक बनाकर बेरहमी से मारपीट की तथा लाखों के सोने-चांदी के जेवर और नकदी लूटकर फरार हो गए। वारदात की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी है। वहीं, एक माह के भीतर लांजी क्षेत्र में लूट की यह दूसरी बड़ी घटना होने से ग्रामीणों में दहशत और पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर चिंता बढ़ गई है।

### पुलिस को दर्द के साथ बुजुर्गों ने बताया वो खतरनाक मंजर..

गौरतलब है कि जब पुलिस जांच के लिये पहुंची तो बुजुर्ग पीड़ित ने बताया कि यह वारदात शनिवार 25 जुलाई दोपहर लगभग 12 से 1 बजे के बीच हुई। उनके घर आमगांव से दो युवक फ्रिज सुधारने के लिये पहुंचे थे जिनके जाने के कुछ देर बाद 04 अन्य लोग मोबाइल टॉवर लगाने की बात कहकर घर में प्रवेश कर गए। कुछ ही देर में उन्होंने अपने असली इरादे जाहिर कर दिए और बुजुर्ग दंपत्ति को बंदूक और चाकू की नोक पर बंधक बना लिया। आरोपियों ने बड़ी बेरहमी से बुजुर्ग दंपत्ति को पीटा। महिला का गला दबाकर शोर मचाने से रोका और बुजुर्ग के मुंह में लोहे की रॉड ठूंस दी। इसी के साथ पीड़ित शत्रुघ्न लिल्हारे ने बताया कि बदमाशों ने उन्हें और उनकी पत्नी के साथ अमानवीय व्यवहार किया।

विरोध करने पर आरोपियों ने दोनों की बेरहमी से पिटाई की, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद बदमाश घर में रखे लगभग 5 तोला सोना, 1 किलो चांदी तथा करीब ढाई लाख रुपए नकद लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से एक रिवॉल्वर भी बरामद किया है, घर में बंदूक का एक जिंदा कारतूस भी मिलने की जानकारी सामने आई है, जिसे पुलिस ने जांच के दायरे में लिया है, तथा इस घटना से आशंका और गहरा गई कि यदि किसी भी क्षण गोली चल जाती तो यह घटना लूट के साथ खूनी वारदात में बदल जाती। पीड़ित के पुत्र श्यामसुंदर लिल्हारे ने आशंका जताई है कि मोबाइल टॉवर लगाने के बहाने घर आए लोगों ने ही इस पूरी वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित परिवार ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत किए जाने की मांग की है।

### पूर्व विधायक सुश्री हिना कावरे पहुंची कुल्पा..

घटना की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक सुश्री हिना कावरे ग्राम कुल्पा पहुंचीं। उन्होंने घायल बुजुर्ग दंपत्ति से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा से दूरभाष पर चर्चा कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और मामले का जल्द खुलासा करने की मांग की। इधर, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के निर्देशन में लांजी और किरनापुर से अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंच गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश भार्गव भी घटनास्थल पहुंचे और अधिकारियों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू कराई। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ-साथ तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

### एक माह के भीतर दूसरी बड़ी घटना..

**गौरतलब है कि 28 जून की रात भी लांजी में सराफा व्यवसायी कपिल आसटकर से मोटर साइकिल सवार बदमाशों ने लाखों रुपए के जेवरों से भरा बैग लूट लिया था। उस मामले के आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। ऐसे में एक माह के भीतर दूसरी बड़ी लूट की घटना ने क्षेत्रवासियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि यदि अपराधियों पर शीघ्र अंकुश नहीं लगाया गया तो आम नागरिकों में भय और असुरक्षा की भावना और अधिक गहरा सकती है।**



कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



जग प्रेरणा
live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई

मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

# केन्द्रिय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान की जीत पर बालाघाट में छात्रों ने मनाई खुशी, कहा ये छात्र आंदोलन की बड़ी जीत

## सौंपा ज्ञापन, कहा लड़ाई छात्र हित में अभी जारी रहेगी..





जगप्रेरणा बालाघाट।

*नीट परीक्षा में हुए घोटाले और धांधली के विरोध में पुरे देश में चल रहे आंदोलन के साथ ही बालाघाट में भी छात्र छात्राओं का एकजुट होकर निरंतर आंदोलन शुरु था। इसी क्रम में जब शनिवार को केन्द्रिय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की*

खबर जारी की गई, तब बालाघाट में उत्साह छा गया। छात्र छात्राओं और युवाओं का एक बड़ा जनसैलाब सड़क पर आया और एक हजार से अधिक लोगों ने काले कपड़े पहनकर और काली पट्टी बांधकर केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्रालय के खिलाफ अपना विरोध जताया। छात्र छात्राओं ने काली पुतली चौक से अपना मार्च शुरू किया जो मेनरोड, हनुमान चौक और सर्किट हाउस होते हुए कलेक्ट्रेट तक पहुंचा। लगभग ढाई किलोमीटर लंबे इस पैदल मार्च के दौरान युवाओं ने जमकर नारेबाजी की। कलेक्ट्रेट पहुंचकर उन्होंने सुरक्षा में तैनात पुलिस बल की मौजूदगी के बीच अपर कलेक्टर धुर्वे को ज्ञापन सौंपा।

### लाठीचार्ज की निंदा और गंभीर आरोप

प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट परीक्षा सुधार की मांग कर रहे छात्रों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों के लोकतांत्रिक आंदोलन को कुचलने की कोशिश कर रही है। छात्राओं ने कहा कि दिल्ली आंदोलन में बर्बरतापूर्वक पुलिस ने महिलाओं और छात्राओं को भी लाठी मारकर लहुलुहान कर दिया। छात्र अपने भविष्य के लिये चिंतित है, और देश की सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह देश के छात्र छात्राओं को सुरक्षित और विकसित भविष्य प्रदान करे।

### बोले युवा नेता दयान वासनिक..

आंदोलन के दौरान जैसे ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर आई, पूरे प्रदर्शन स्थल पर उत्साह का माहौल बन गया। युवा नेता एवं अधिवक्ता दयाल वासनिक समेत अन्य प्रदर्शनकारियों ने इसे देश भर के लाखों छात्रों के लंबे संघर्ष और एकजुटता की बड़ी जीत बताया। दयाल वासनिक ने कहा कि जब तक शिक्षा प्रणाली में पूरी पारदर्शिता और भ्रष्टाचार से मुक्ति नहीं मिल

### और जब भाजपा कार्यालय के घेराव से आशंकित हो गई थी भाजपा..

**गौरतलब है कि जब युवाओं का जत्था भारी तादाद में रैली लेकर निकला, तो किसी ने भाजपा नेताओं को यह सूचना दे दी कि प्रदर्शनकारी छात्र भाजपा कार्यालय का घेराव भी कर सकते हैं, जिससे कि भाजपा कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया था। इसी के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष की ओर से सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को अतिशीघ्र भाजपा कार्यालय पहुंचने की सूचना दी गई, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी तथा लगाए गए बैरिकेट्स के कारण प्रदर्शनकारी छात्र भाजपा कार्यालय तक नहीं पहुंच पाए।**

# केन्द्रिय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान की जीत पर बालाघाट में कांग्रेस ने मनाया जश्न, गांधी प्रतिमा पर जलाई कैंडल..

## राहुल गांधी और युवाओं के संघर्ष के आगे झुकी मोदी सरकार - बोले श्याम पंजवानी

## कहा.. धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा देने में देरी करने से भाजपा के पतन की शुरुआत

## दिवंगत विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि देकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को सरकारी नौकरी व उचित मुआवजे की उठाई मांग..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*देशभर में नीट परीक्षा को लेकर उठे विवाद, छात्रों-युवाओं के लगातार आंदोलनों और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा सड़क से सदन तक चलाए गए संघर्ष के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर शनिवार को बालाघाट में जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विजय मार्च निकालकर जश्न मनाया।*

पार्टी कार्यालय से प्रारंभ हुआ विजय मार्च ढोल-नगाड़ों, जयघोष और कांग्रेस के झंडों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए हनुमान चौक पहुंचा। वहां कार्यकर्ताओं ने हाल ही में दिवंगत विद्यार्थियों को दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह केवल एक मंत्री का इस्तीफा नहीं, बल्कि देश के छात्रों, युवाओं और जनशक्ति की ऐतिहासिक जीत है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को जनता के आक्रोश और राहुल गांधी के नेतृत्व में चले लगातार संघर्ष के आगे झुकना पड़ा। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने कहा कि देश के लाखों छात्रों और युवाओं की आवाज़ को लंबे समय तक दबाने का प्रयास किया गया, लेकिन लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छात्रों की मांगों को संसद से लेकर सड़क तक पूरी मजबूती से उठाया। जब सरकार छात्रों की पीड़ा को अनदेखा कर रही थी, तब राहुल गांधी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष कर रहे थे। देशभर के युवाओं के आंदोलन और राहुल गांधी के नेतृत्व में चले जनदबाव के आगे आखिरकार मोदी सरकार को झुकना पड़ा।

उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा भाजपा सरकार की नैतिक हार है और उसके पतन की शुरुआत है। यह जीत कांग्रेस पार्टी, राहुल गांधी और उन लाखों छात्रों-युवाओं के संघर्ष की जीत है जिन्होंने न्याय के लिए अपनी आवाज़ बुलंद रखी। श्याम पंजवानी ने कहा कि केवल इस्तीफा पर्याप्त नहीं है। जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खोया है, उनका दर्द किसी मंत्री के इस्तीफे से कम नहीं होगा। केंद्र सरकार प्रत्येक पीड़ित परिवार को सम्मानजनक सरकारी नौकरी, उचित आर्थिक मुआवजा प्रदान करे, परीक्षा घोटालों के सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करे तथा शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही स्थापित करे। यदि छात्रों के भविष्य के साथ दोबारा खिलवाड़ हुआ तो कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के नेतृत्व में सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष को और अधिक तेज करेगी।

कांग्रेस ने सरकार से मांग की कि दिवंगत विद्यार्थियों के परिजनों को सम्मानजनक सरकारी नौकरी दी जाए। प्रत्येक पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक मुआवजा तत्काल प्रदान किया जाए। परीक्षा घोटालों के सभी दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी एवं स्थायी व्यवस्था लागू की जाए।

### यह रहे उपस्थित..

विजय मार्च एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम में रहीम खान ,अंजू जायसवाल, जीतू बर्वे, शिवम विश्वकर्मा, जावेद अली, जय कृष्ण डिंगरू, निखिल गौतम, शबीर पटेल,नितिन शिवहरे, धर्मेंद्र कुरिल, महेश सहारे, शीनू राव,सौरभ चौहान, अफरोज कुरैशी, केवल झरिया ,मुकेश माहुले, राकेश सिंगर, अल्ला रखा, फिरोज खान,शमीम सिद्धक, छविराम नागेश्वर, रामभाऊ पंचेश्वर, मकसूद खान, धर्मेंद्र बोपचे,सुमन केवलानी, डॉ दुर्गा वरकड़े, डॉ मुकेश वरकड़े, नरेंद्र मेश्राम, साबिर मंसूरी, अभय मोदी,ब्लॉक कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल तथा वरिष्ठ कांग्रेसजन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी गई।

बालाघाट शहर में जगप्रेरणा के लिये संपर्क करें.. मनीष ठाकुर मो. 9424766923

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरें प्राप्त करें।

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द
● पिठ का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द
● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

# बालाघाट में वैश्य महासम्मेलन की महिला इकाई ने वितरिक की घरेलू कामकाजी महिलाओं को छतरियां..




**जगप्रेरणा बालाघाट।**

समाजसेवा और मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए जिला वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई, बालाघाट द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान घरेलू कामकाजी महिलाओं को छतरियों का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य उन महिलाओं को बारिश के मौसम में राहत प्रदान करना है, जो प्रतिदिन घर-घर जाकर घरेलू कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती हैं।

इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई की संभागीय अध्यक्ष अर्चना गुप्ता ने बताया कि घरों में काम करने वाली महिलाएं पूरे वर्ष नियमित रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन करती हैं। बरसात के मौसम में उन्हें भीगते हुए एक घर से दूसरे घर तक जाना पड़ता है, जिससे उन्हें अनेक प्रकार की असुविधाओं और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए उन्हें छतरियां भेंट की गई, ताकि बारिश से उनका बचाव हो सके और वे अपने कार्यों को अधिक सुविधा के साथ कर सकें। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठन का दायित्व है कि वह जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आए। छोटे-छोटे प्रयास भी किसी के जीवन में बड़ी खुशी और राहत लेकर आते हैं। छतरियां प्राप्त करने वाली महिलाओं ने महिला इकाई के इस संवेदनशील कदम के लिए आभार व्यक्त किया। उनके चेहरों पर खुशी और संतोष साफदिखाई दे रहा था।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई आगे भी समाजहित और जनकल्याण से जुड़े ऐसे सेवा कार्य निरंतर करती रहेगी। संगठन का उद्देश्य केवल सामाजिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंद वर्ग तक सहायता पहुंचाकर सामाजिक सरोकारों को मजबूत करना भी है।

इस सेवा कार्य में संभागीय अध्यक्ष अर्चना गुप्ता, संरक्षक किरण रूसिया, जिलाध्यक्ष वर्षा जैन, लता अग्रवाल, हंसा अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, प्रीति कोचर, प्रियंका जैन, ज्योत्सना कोचर सहित महिला इकाई की अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का समापन सभी महिलाओं के प्रति शुभकामनाओं और भविष्य में भी इसी प्रकार सेवा कार्य जारी रखने के संकल्प के साथ हुआ।

स्वामी विवेकानन्द प्रा. आई.टी.आई.
इलेक्ट्रिशियन फिटर
न्यूनतम शुल्क सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार रोजगार हेतु नियमित कैम्पस
मोती तालाब के पास, सुरभी नगर, बालाघाट
मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832
ADMISSION OPEN 2026-27
NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त

ग्रेसियस् कॉलेज
2026-27 ADMISSION OPEN
SC ,ST, OBC वर्ग के विद्यार्थियों को म. प्र. शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति
नर्सिंग
बी.एस.सी. नर्सिंग 4 वर्षीय डिग्री
मान्यता : आई.एन. सी. नई दिल्ली, म.प्र. नर्सिंग रजि. काउंसिल भोपाल, राजा शंकरशाह वि. वि. छिंदवाड़ा
फार्मेसी
बी.फार्मा. 4 वर्षीय डिग्री
2 वर्षीय डिप्लोमा डी.फार्मा.
मान्यता : पी.सी.आई. नई दिल्ली, आर.जी.पी.वी. भोपाल, डी.टी.ई. भोपाल
योग्यता : 12 वी उत्तीर्ण (जीव विज्ञान/गणित संकाय)
73820 53000 / 73820 54000
आर.टी.ओ.ऑफिस के पास, वारासिवनी रोड , बरबसपुर - कायदी,बालाघाट म.प्र.

SARDAR PATEL UNIVERSITY
BALAGHAT (M.P.)
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time /Full Time AICTE Approved
• Civil Engg.
• Mechanical Engg.
• Electrical Engg.
• Mining Engg.
• Computer Sc. & Engg.
• Mining & Mine Surveying
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC छात्रों को शासन के योजनानुसार
B.Tech. (AI & ML)
100% Job Oriented Program
PHARMACY
PCI Approved
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
Pharmacology /Pharmaceutics
MBA PHARMACEUTICAL MANAGEMENT
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.) • M.Sc.(Ag.)
• B.Tech (Agril) • Diploma
ABM AGRI BUSINESS MANAGEMENT
LAW
• B.A. LL.B.
• LL.B. • LL.M.
BCI Approved
MANAGEMENT
• BBA (Hons.) • MBA • BHM
BAMS SARDAR PATEL AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
BHMS S.M. DEO HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.)
9174192111, 9174202111, 9174212111

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

3 रविवार 26 जुलाई 2026
जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# ग्राम बखारी आज भी सड़क से वंचित, बरसात में ग्रामीणों का जनजीवन बेहाल





**जगप्रेरणा घंसौर।**

नर्मदा घाटी में बने बरगी बांध से विस्थापित ग्राम बखारी, विकासखंड घंसौर, जिला सिवनी के ग्रामीण पिछले एक दशक से गांव तक सर्व मौसमीय (ऑल वेदर) सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं। अनेक बार शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को आवेदन देने के बावजूद आज तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। बरसात के मौसम में गांव का संपर्क लगभग पूरी तरह कट जाता है। कच्ची सड़क कीचड़ और गहरे गड्ढों में तब्दील हो जाती है, जिससे स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और मरीजों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्कूली बच्चों को रोजाना जान जोखिम में डालकर कीचड़ भरे रास्ते से विद्यालय जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि गांव में कोई व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार हो जाए तो उसे 6 किलोमीटर तक खाट पर ले जाकर मुख्य सड़क तक पहुंचाना पड़ता है। कई बार समय पर उपचार नहीं मिलने से गंभीर स्थिति उत्पन्न हो जाती है। यह स्थिति एक विकास परियोजना से विस्थापित गांव के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस वर्ष भी मानसून शुरू होने के बावजूद सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं होने से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। गांव के सरपंच एवं ग्रामीणों ने एक बार फिर शासन-प्रशासन से तत्काल सड़क निर्माण की मांग करते हुए कहा है कि विस्थापन के वर्षों बाद भी यदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जाती हैं, तो यह पुनर्वास नीति और प्रशासनिक दावों पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।ग्रामीणों ने मांग की है कि ग्राम बखारी तक तत्काल सर्व मौसमीय पक्की सड़क का निर्माण कराया जाए। बरसात के दौरान आवागमन की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

स्कूली बच्चों, महिलाओं एवं मरीजों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बरगी बांध के विस्थापित गांवों में पुनर्वास के अंतर्गत सभी मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा कर उन्हें शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। ज्ञात हो कि विगत वर्ष ग्रामीणों ने सडक निर्माण को लेकर वन विभाग की लकडी से भरे ट्रक को तीन दिन तक रोक रखा था। प्रशासन द्वारा सडक बनाने के आश्वासन बाद ट्रक छोडा गया था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते और विधायक योगेन्द्र सिंह बाबा आज तक सडक बनबाने में असफल रहे हैं। महिला सरपंच असुंता राजेश मरावी, सरिता बाई कैलाश झारिया, समरती बाई राज कुमार मरावी, चन्नू सैयाम, रतीराम यादव, लक्षमण बर्मन,जयपाल बर्मन, श्रीराम बर्मन, तुलाराम यादव, अरूण गुमास्ता, गुलाब झारिया आदि ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सड़क निर्माण की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो वे लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक जनआंदोलन करने के लिए विवश होंगे।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने कैंडल जलाकर निकाला विजय मार्च





**जगप्रेरणा सिवनी।**

पेपर लीक मामले में विगत कई दिनों से कांग्रेस पार्टी विपक्ष और छात्र-छात्राऍ एवं बुद्धिजीवी, देश के शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के स्तीफे की मांग पर दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन रत थे, इस आंदोलन को भाजपा द्वारा देश विरोधी, चीन, पाकिस्तानी द्वारा संचालित आंदोलन बताकर आंदोलनकारियों को बदनाम करने की कोशिस की कई, अंग्रेजों की तरह बर्बता पूर्वक कार्यवाही करते हुए लाठियॉ बरसायी गई उन्हें जेल में बंद कर दिया गया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जी कांग्रेस सांसदो के साथ प्रधानमंत्री आवास पर धरना पर बैठे, जहॉ पर राहुल गांधी सहित सभी कांग्रेस सांसदो को गिरफ्तार किया गया। संसद में लगातार इस मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी लड़ती रही, लेकिन सत्ता के नशे में चूर मोदी सरकार उनकी मांगे मानने को तैयार नहीं हुई।

आज राहुल गांधी जी द्वारा मोदी सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि उनकी तीन मांगे नही मानी गई तो कांग्रेस पार्टी लोकसभा नहीं चलने देगे। 1. शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा। 2. छात्र-छात्राओं पर किये गए दर्ज मामले वापस लिए जाए। 3. पेपर लीक के कारण मृत छात्र-छात्राओं को उचित मुआवजा दिया जाए। राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी एवं छात्र छात्राओं द्वारा किए गए लगातार आंदोलन से घबराकर 3 मांगो को मानते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा लिया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा नगरपालिका चैक में एकत्रित होकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के नेतृत्व में कैंडल जलाकर विजय मार्च निकाला गया। केन्द्र की मोदी सरकार के इस निर्णय को कांग्रेस एवं जंतर मंतर पर आंदोलनरत छात्र-छात्राओं की जीत बताया, पेपर लीक में मृत हुए छात्र-छात्राओं को शुक्रवारी गांधी चौक में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पीत की गई।

इस अवसर पर अर्जुनसिंह काकोडिया, राजकुमार खुराना, हाजी मो. हनीफखान, जेपीएस तिवारी, हाजी मो. असलम खान, मोहनसिंह चंदेल, ब्रजेशसिंह बघेल, अतुलचंद मालू, सुरेन्द्र करोसिया, घनश्याम सनोडिया, श्रीमती गीतासिंह ठाकुर, श्रीमती निताशा बघेल, श्रीमती बरखा बघेल, श्रीमती शबनम, श्रीमती पवनरेखा रिनायत, विष्णु करोसिया, शिव सनोडिया, यशपाल भलावी, राजिक अकील, रंजीत यादव, आतिदत्य मोन्टू भूरा, तनवीर अहमद, राजेश मानाठाकुर, विनोद नामदेव, शिवदीप डहेरिया, मुबारक खान, राजा मुबीन खान, ठा. जयप्रकाश सिंह परिहार, नितिन डहेरिया, कुलदीप काकोडिया, अभिमन्यु काकोडिया, सुशील सोनकेशरिया, मनीष अग्रवाल, धुवनानायण चैधरी, शंकरलाल डहेरिया, सुजीत गोदरे विनोद यादव, नब्बू खान, जीशान खान, आरिफ सफारी, नितिन बघेले, अशफाक खान, जयप्रकाश यादव, आरिफ सफारी, आबिद हुसैन, शेख शाहरूख, अदनान खान, शेख आसिम खान, सतेन्द्र बघेल, राजू यादव, वसीम खान, मोहसिन खान, संदीप मात्रे, बालमुकुंद बघेल, रहीम शाह, सहित बडी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

# वर्षों से बनी रेलवे पुल के नीचे बरसात के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

नगर परिषद केवलारी के वार्ड क्रमांक 3 स्थित सिरौली मार्ग पर रेलवे पुल के नीचे बरसात के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या वर्षों से बनी हुई है। इस समस्या के समाधान के लिए वार्डवासियों ने 2 जुलाई 2025 को नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता देवी सिंह बघेल को आवेदन सौंपा था। इसके बाद नगर परिषद अध्यक्ष ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, छिंदवाड़ा के सहायक मंडल अभियंता को पत्र लिखकर सड़क एवं पुलिया निर्माण की अनुमति मांगी थी। इसके जवाब में 11 अगस्त 2025 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सहायक मंडल अभियंता ने पत्र जारी कर रेलवे भूमि पर अस्थायी एवं वैकल्पिक सड़क व पुलिया निर्माण की अनुमति प्रदान कर दी थी। रेलवे ने यह भी स्पष्ट किया था कि भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर उक्त भूमि रेलवे अपने उपयोग में ले सकेगा। इसके बावजूद नगर परिषद केवलारी की लचर कार्यप्रणाली और उदासीन रवैये के चलते आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। परिणामस्वरूप ग्राम सिरौली के रहवासी, स्कूली छात्र-छात्राएं, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और आम नागरिक हर बारिश में जलभराव की समस्या से जूझने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब रेलवे से अनुमति मिल चुकी है, तब भी नगर परिषद द्वारा निर्माण कार्य नहीं कराया जाना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। नागरिकों ने शीघ्र सड़क एवं पुलिया निर्माण कराकर इस वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

# अजब नगर परिषद केवलारी की गजब दास्तान, आग बुझाने वाली फायर बिग्रेड से नाली सफाई का कारनामा

**आधे दुकानदारों के सामने नाली की सफाई जे सी बी चलाते हुए की गई, वही दबंग दुकानदारों के दबाव के आगे झुकी नगर परिषद नही चलायी नाली अतिक्रमण में जेसीबी..**



**जगप्रेरणा सिवनी।**

केवलारी नगर परिषद आज उस समय फिर चर्चा और विवादों में आ गयी जब नगर परिषद ने अपना फायर ब्रिगेड आग बुझाने वाले अग्निशमन वाहन को वर्षों से बंद पड़ी नाली की सफाई में पानी की बौछारों से नाली सफाई का कारनामा करने के लिये जे सी बी मशीन की जगह कार्य मे लगाया गया।

ऐसा कारनामा करने वाली केवलारी नगर परिषद पूरे देश मे इकलौती नगर परिषद बन गई। जहाँ फायर बिग्रेड का उपयोग आग बुझाने की जगह बंद पड़ी नाली के लिये किया जाने लगा। यह कारनामा करने में नगर परिषद के विवादास्प लोक निर्माण शाखा के सायक मयंक बघेल जो कि केवलारी निवासी हैं, इनके द्वारा किया जाने वाला दुर्व्यवहार, फोन नही उठाने की कार्यशैली, और अपने आप को सी एम ओ से ऊपर समझना जिनका शगल है। इनके साथ ही नगर परिषद के फायर ब्रिगेड से सफाई करवाने वाले पूर्व से विवादस्पद कर्मचारी चक्रेश यादव की भूमिका प्रमुख रही।

नगर परिषद के द्वारा आम जनता से दोगला व्यवहार करने की जनचर्चा आम नागरिकों में व्याप्त है, एक और साधारण दुकानदारों की दुकान के सामने जेसीबी मशीन चलाकर नाली सफाई करायी गई, वहीँ दूसरी ओर रसूखदार दुकानदारों के द्वारा नाली पर अतिक्रमण वाले,जिन्होंने जेसीबी मशीन नही चलाने देकर नगर परिषद के कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार, दबंगई दिखलाई ।ऐसे में आमजनता ने कलेक्टर नेहा मीणा एवं नगर परिषद के सी एम ओ से न्याय संगत कार्य करने एवं नाली पर अतिक्रमण करने वाले रसूखदार लोगों के अतिक्रमण हटाने की माँग की गई हैं।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की भिड़ंत, एक मृत, एक घायल..

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433



**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिले के किंदरई थाना क्षेत्र अंतर्गत केदारपुर गांव के पास शनिवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की भिड़ंत में 25 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक सवार 13 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार सिंगारपुर निवासी क्रिस उईके (25) अपने परिचित पप्पू तुमराचे (13) के साथ मोटरसाइकिल से किंदरई से अपने गांव लौट रहे थे।

इसी दौरान केदारपुर गांव के पास सामने से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के तुरंत बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

## गंभीर हालत में बालक जबलपुर रेफर

स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस और एम्बुलेंस ने घायल 13 वर्षीय पप्पू तुमराचे को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद बालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया है।

## फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश में जुटी पुलिस..

किंदरई थाना प्रभारी गजेंद्र राजपूत ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फरार ट्रैक्टर चालक के खिलाफकेस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने क्षेत्र की सड़कों पर बेलगाम दौड़ रहे भारी वाहनों की रफ्तार पर अंकुश लगाने और सख्त यातायात व्यवस्था बनाने की मांग की है।

# शिक्षकों को शीघ्र प्रदान किया जाएगा चतुर्थ समय मान वेतनमान - मध्य प्रदेश शिक्षक संघ



**जगप्रेरणा सिवनी।**

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा सिवनी का प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी अविनाश पाठक से मिला जिसमें प्रतिनिधिमंडल ने मध्य प्रदेश शासन के आदेश अनुसार 1 जुलाई 2023 को 35 वर्ष पूर्ण करने वाले शिक्षकों चतुर्थ समय मान वेतनमान प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया गया है जिसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा संकुल प्राचार्य के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर ली गई है किंतु आज दिनांक तक शिक्षकों को वेतनमान प्रदान नहीं किया गया है जिस पर नवागत जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संगठन को अवगत कराया गया की शासन द्वारा पदोन्नति की प्रक्रिया बीच में आ जाने के कारण इस कार्य में थोड़ा विलंब हो रहा है शीघ्र ही या कार्यवाही पूर्ण कराकर शिक्षकों को वेतनमान प्रदान किए जाएंगे साथ ही संगठन द्वारा जिला परामर्शदात्री की बैठक जो विगत वर्षों से कार्यालय में आयोजित नहीं की गई है उससे भी आयोजित करने के लिए संगठन द्वारा मांग की गई इन दोनों मांगों पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आश्वासन प्रदान किया गया कि शीघ्र शिक्षकों की इन मांगों पर विचार किया जाएगा साथ ही विकासखंड स्तर पर भी परामर्श दात्री का आयोजन कराया जाएगा प्रतिनिधि मंडल में प्रांतीय शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रमुख विजय शुक्ला जिला संगठन मंत्री अनिल शर्मा जिला अध्यक्ष अविनाश पाठक जिला सचिव संतोष सूर्यवंशी एवं जिला कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल पतले उपस्थित रहे प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी के संतोष जनक आश्वासन पर प्रसन्नतजह की तथा समय-समय पर संगठन को सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा व्यक्त की जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भी अपनी सहमति प्रदान की गई।

**Run By Abdul Salam Public Welfare Bahu. Sanstha Seoni**
**Global Law College, Seoni**
**APPOINTMENT**

Applications are invited for the following posts:-

| Post | No. of Vacancies | Essential Qualification |
|---|---|---|
| Assistant Professor | | |
| Political Science | 1 | M.A./NET/SET /PHD |
| History | 1 | M.A./NET/SET /PHD |
| Economics | 1 | M.A./NET/SET /PHD |
| English | 1 | M.A./NET/SET /PHD |
| Law | 2 | LL.M./NET/SET/ PHD |

Appointment shall be based on UGC & BCI guidelines. Pay Scale: As per UGC, BCI and Raja Shankar Shah University Code 28 Guidelines.

Interested candidates can send all relevant documents, e&perience certificate, and bio-data with mobile number to the address mentioned above or via E-mail.

globallawcollegeseoni@gmail.com Within 21 days.

**GLOBAL LAW COLLEGE, SEONI (M.P.) Opposite RTO Office Seoni. Mob. 7000332588**

# पार्श्व गायक मुकेश की 103 वीं जयंती पर गूंजे सदाबहार नगमे..

## अग्रवाल धर्मशाला में सजी सुरों की महफिल..




**जगप्रेरणा सिवनी।**

शहर के हृदय स्थल दुर्गा चौक स्थित अग्रवाल धर्मशाला में पार्श्व गायक मुकेश चंद्र माथुर की 103वीं जन्म जयंती पर 22 जुलाई को संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगीत प्रेमी व गायक गोविंद अग्रवाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुकेश जी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगेश्वर नाथ माल्या उपस्थित रहे। जबकि अध्यक्षता नरेंद्र कौशल ने की। कार्यक्रम की शुरुआत जिले के गायक कलाकारों की मधुर प्रस्तुतियों से हुई, जिन्होंने अपने सुरों से श्रोताओं का दिल जीत लिया।

मंच पर हेमकांत गढ़ेवाल ने 'जाए कहां बताएं दिल' और 'मेरी तमन्नाओं की तस्वीर', नरेंद्र कौशल ने 'नैना हैं जादू भरे' व 'सजन रे झूठ मत बोलो', संतोष जलज ने 'जीना यहां मरना यहां' व 'डम डम डिगा डिगा' और सत्येंद्र अवस्थी ने 'दुनिया बनाने वाले' गाकर समां बांध दिया। आयोजक गोविंद अग्रवाल ने 'एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल', 'ओ महबूबा तेरे दिल के पास', 'कहीं दूर जब दिन ढल जाए' और 'मैं पल दो पल का शायर हूं' जैसे अमर गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। इसके अलावा राजू सोनी, राजिक खान, राकेश श्रीवास्तव, संजय पंड्या, महेंद्र शर्मा, राजीव सोनी (चौरई), इंद्रेश शर्मा, दशरथ गौर और श्रद्धा साहू ने भी मुकेश जी के गाए युगल व एकल गीतों को अपनी आवाज देकर महफिल को यादगार बना दिया। संगीतमय आयोजन का आनंद लेने श्रोताओं में विष्णु अग्रवाल, निशा अग्रवाल, गोविंद सोनी, विजय पालीवाल, पुष्प चौरसिया, पापे चौरसिया, इंद्रा अकेने, निधि अग्रवाल, संजय अग्रवाल, शायर आतिश मसूद और अनिल ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गोविंद अग्रवाल ने मुकेश जी के जीवन व उनके गीतों से जुड़ी कई रोचक जानकारियां साझा कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी आमंत्रित कलाकारों का पुष्पमालाओं से स्वागत व सम्मान किया। मंच संचालन गोविंद अग्रवाल ने किया।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## न्यायाधीश श्री नयन जैन ने दिए विधिक जागरूकता व करियर के गुरुमंत्रः जीनियस स्कूल वारासिवनी में संपन्न हुआ विधिक जागरूकता शिविर..






जगप्रेरणा वारासिवनी।

***स्थानीय जीनियस स्कूल में तहसील विधिक सेवा समिति, वारासिवनी के तत्वाधान में एक दिवसीय 'वृहत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन गुरुवार को प्रातः 9:30 बजे किया गया।***

कार्यक्रम की अध्यक्षता द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ खंड/न्यायिक मजिस्ट्रेट) श्री नयन जैन ने की। इस दौरान उन्होंने कक्षा 7वीं, 8वीं के लगभग 40 विद्यार्थियों को विधिक जागरूकता के साथ-साथ भविष्य में सफलता और करियर निर्माण के बहुमूल्य टिप्स दिए।

### पारंपरिक ढंग से हुआ आत्मीय स्वागत

मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय परिसर पहुँचने पर माननीय न्यायाधीश श्री नयन जैन का ड्रम बीटिंग, पारंपरिक तिलक और पुष्पगुच्छ भेंट कर अत्यंत आत्मीय वातावरण में स्वागत किया गया। संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सुधीर जायसवाल ने उनका हार्दिक अभिनंदन किया।

### विधि (Law) के क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएँ

स्वागत समारोह के पश्चात विद्यालय के थिएटर हॉल में आयोजित मार्गदर्शन सत्र को संबोधित करते हुए माननीय मजिस्ट्रेट श्री नयन जैन ने न्याय व्यवस्था की बारीकियों और कानून के क्षेत्र में करियर बनाने के विकल्पों पर विस्तार से चर्चा कीः12वीं के बाद इंटीग्रेटेड कोर्सः उन्होंने बताया कि 12वीं के तुरंत बाद 5-वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स (जैसे क्रस्क्र, क्क्रस्क्र) करने से विद्यार्थियों का एक वर्ष बचता है।

ग्रेजुएशन के बाद 3-वर्षीय स्क्र सामान्य स्नातक (त्नह्ड्ड्स्त्रह्ह्ड्ड्ह्ह्द्वश्ठ्ठ) की पढ़ाई पूरी करने के बाद भी 3 साल का स्क्र करने का विकल्प उपलब्ध रहता है।

छ्रस्न्र व देश के टॉप संस्थानः उन्होंने बताया कि देश की 24 नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज (हस्न्रह्य) में प्रवेश के लिए 'छ्रस्न्र' परीक्षा आयोजित की जाती है, जिसमें उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर स्कॉलरशिप भी मिलती है।

आकर्षक सैलरी पैकेज व अवसरः श्री जैन ने बताया कि कॉरपोरेट कंपनियों, सरकारी उपक्रमों (रिलायंस,हृज्ञक्क्ष्ट, पावर ग्रिड आदि) और बड़ी लॉ फर्म्स में लीगल ऑफिसर्स की भारी मांग है, जहाँ शुरुआती सैलरी पैकेज 10 लाख प्रति वर्ष या उससे अधिक रहता है। ÷कानूनी जागरूकता ही एक सशक्त नागरिक का निर्माण करती है। युवा लॉ के क्षेत्र में एक बेहतर करियर बनाने के साथ-साथ न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा बनकर समाज सेवा भी कर सकते हैं।÷

श्री नयन जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट

### विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का किया समाधान

संवादात्मक सत्र के दौरान विद्यालय की छात्रा क्रति कावरे, यशस्वी तेलासे एवं छात्र सम्यक रोड़े ने कानून तथा करियर से जुड़े कई रोचक व उत्सुकतापूर्ण प्रश्न पूछे। श्री नयन जैन ने सभी विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर अत्यंत सरल, सहज और प्रेरणादायक ढंग से देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

### जीनियस स्कूल परिवार ने जताया आभार

कार्यक्रम के सफल समापन पर जीनियस स्कूल परिवार द्वारा माननीय मजिस्ट्रेट श्री नयन जैन का अपना बहुमूल्य समय देने और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने के लिए सहृदय आभार व्यक्त किया गया। संस्था ने भविष्य में भी उनसे इसी प्रकार के मार्गदर्शन की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ व स्टाफउपस्थित रहा।

## सीमेंट कुर्सियों की खरीदी पर उठे गंभीर सवालः बाजार मूल्य से दोगुने से अधिक भुगतान का दावा, निष्पक्ष जांच की मांग तेज..




अमन राउत, जगप्रेरणा रजेगांव (बालाघाट)।

***जनपद पंचायत किरनापुर की ग्राम पंचायत मांगोलीकला में सीमेंट आरसीसी कुर्सियों की खरीदी को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। पंचायत दर्पण पोर्टल पर उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार 26 आरसीसी सीमेंट कुर्सियों की खरीदी पर ₹1,44,144 का भुगतान दर्शाया गया है,***

यानी प्रति कुर्सी लगभग ₹5,544 (त्नस्न्न सहित)। वहीं स्थानीय बाजार में इसी प्रकार की कुर्सियों की कीमत लगभग ₹2,000 से ₹2,500 बताई जा रही है। इस अंतर ने ग्रामीणों के बीच कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि बाजार में उपलब्ध सामग्री की कीमत इससे काफी कम है, तो फिर पंचायत द्वारा इतनी अधिक राशि का भुगतान किस आधार पर किया गया? आखिर खरीदी किस प्रक्रिया से हुई, क्या प्रतिस्पर्धी निविदा प्रक्रिया अपनाई गई, क्या निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराई गई, क्या इस कार्य का विधिवत स्टीमेट (प्राक्कलन) तैयार किया गया था और क्या कार्य नियमानुसार एवं विधिवत रूप से कराया गया है, तथा क्या सरकारी नियमों का पूरी तरह पालन किया गया? इन सभी बिंदुओं की निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

मौके पर लगी सीमेंट कुर्सियों को देखने के बाद भी कई ग्रामीण खरीदी की गुणवत्ता और भुगतान राशि को लेकर संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि यदि सरकारी धन का उपयोग हुआ है तो प्रत्येक रुपये का हिसाब भी सार्वजनिक होना चाहिए। सरकारी योजनाओं का उद्देश्य जनता को बेहतर सुविधाएं देना है, न कि किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता की आशंका को जन्म देना।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, जनपद पंचायत और संबंधित विभागों से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं तकनीकी जांच कराई जाए। जांच के दौरान वास्तविक बाजार दर, निविदा प्रक्रिया, जीएसटी बिल, भुगतान संबंधी अभिलेख, गुणवत्ता परीक्षण तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाए। यदि जांच में किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता, नियमों का उल्लंघन या शासकीय राशि के दुरुपयोग के प्रमाण मिलते हैं, तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों एवं व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

सरकारी धन जनता की अमानत है। यदि कहीं भी खर्च को लेकर सवाल उठ रहे हैं, तो उनका जवाब जांच और पारदर्शिता से ही दिया जा सकता है। ईमानदार व्यवस्था को किसी जांच से डरने की आवश्यकता नहीं होती, लेकिन यदि अनियमितता हुई है तो जवाबदेही तय होना भी उतना ही आवश्यक है।

## मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजनाः बालाघाट से 196 श्रद्धालु मथुरा-वृंदावन के लिए हुए रवाना..







जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश शासन की महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना' के अंतर्गत बालाघाट जिले के 196 चयनित तीर्थयात्री भगवान श्रीकृष्ण की पावन नगरी मथुरा-वृंदावन की तीर्थयात्रा के लिए उत्साह और उमंग के साथ रवाना हुए।***

यह विशेष तीर्थ ट्रेन 25 जुलाई 2026 को प्रातः 11:30 बजे बालाघाट रेलवे स्टेशन से अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई।

स्टेशन पर आयोजित एक सादे और गरिमामयी समारोह में प्रमुख रुप से नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश रंगवानी, वरिष्ठ भाजपा नेता अभय सेठिया, रेल सलाहकार समिति सदस्य मोनिल जैन, नगर पालिका के पार्षद श्वेता सौरभ जैन, मनीष नेमा, जितेन्द्र मोहारे, वकील वाधवा, गजेन्द्र भारद्वाज, राकेश सेवईवार, राजेश लिल्हारे, जैनेन्द्र कटरे, श्रीमती मंजु सेठिया, गणेश अग्रवाल, अन्य गणमान्य नागरिक, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, एसडीएम श्री गोपाल सोनी और अन्य अधिकारियों ने मिलकर तीर्थयात्रियों की अगवानी की और विदाई के साथ ही यात्रियों का भव्य स्वागत कर उन्हें मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

गौरतलब है कि यह विशेष ट्रेन बालाघाट से प्रस्थान कर नैनपुर, जबलपुर और कटनी के रास्ते मथुरा-वृंदावन पहुंचेगी। इस ट्रेन में मंडला, जबलपुर और कटनी जिले के तीर्थयात्री भी सवार होंगे। तीर्थयात्रा पूर्ण करने के पश्चात यही विशेष ट्रेन 28 जुलाई को दोपहर 3:00 बजे वापस बालाघाट रेलवे स्टेशन लौटेगी। मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। शासन द्वारा यात्रा के दौरान सुरक्षित रेल यात्रा, ठहरने के लिए आवास, शुद्ध भोजन और अन्य आवश्यक चिकित्सकीय व रसद व्यवस्थाएं पूरी तरह निःशुल्क सुनिश्चित की गई हैं, ताकि श्रद्धालु बिना किसी आर्थिक बोझ या चिंता के पूरी श्रद्धा के साथ अपनी इस आध्यात्मिक यात्रा का आनंद ले सकें।

## लालबर्रा के ग्राम पाथरी में अरहर फसल का निरीक्षण, किसानों को टॉपिंग की दी गई सलाह

### नवीन तकनीक से की गई खेती की अधिकारियों ने की सराहना



जगप्रेरणा लालबर्रा।

***कृषि विभाग द्वारा 24 जुलाई को विकासखंड लालबर्रा की ग्राम पंचायत पाथरी में कृषक श्री यशवंत पटले के खेत का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अरहर की फसल की स्थिति का अवलोकन किया***

तथा फसल प्रबंधन संबंधी आवश्यक तकनीकी सलाह प्रदान की। निरीक्षण में पाया गया कि कृषक द्वारा लगभग 0.202 हेक्टेयर क्षेत्र में नवीन कृषि तकनीकों का उपयोग करते हुए अरहर की खेती की गई है। वर्तमान में फसल लगभग एक माह की हो चुकी है तथा उसकी वृद्धि एवं विकास संतोषजनक पाया गया। अधिकारियों ने फसल की अच्छी स्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे किसानों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बताया।

कृषि अधिकारियों ने कृषक श्री यशवंत पटले को अरहर की फसल में समय पर टॉपिंग (शीर्ष छंटाई) करने की सलाह दी।

उन्होंने बताया कि टॉपिंग करने से पौधों में अधिक शाखाएं विकसित होती हैं, जिससे फलियों की संख्या बढने् के साथ उत्पादन में भी वृद्धि होती है। इस अवसर पर किसानों को वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाने, समय-समय पर फसल का निरीक्षण करने तथा कृषि विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन के अनुरूप फसल प्रबंधन करने की सलाह दी गई, ताकि बेहतर उत्पादन एवं अधिक आय प्राप्त की जा सके।

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार **MANIRACLE [MINERALS AND METAL PRIVATE LIMITED E-7, H.I.G. ARERA COLONY, BHOPAL MADHYPRADESH PIN 462016 Mobile no.- 9579576421** की ओर से डायरेक्टर सांवरिया राकेश कुमार सराफलोईया मार्ग, लाला ओली कामठी नागपुर महा0 द्वारा मौजा ग्राम पिपरटोला पटवारी हल्का हरदोली प0ह0नं0 19 तहसील तिरोडी जिला बालाघाट में स्थित भूमि खसरा नं0 48/4 रकबा 0.938 हे0 एवं ख0नं0 49/6/1 रकबा 1.640 कुल रकबा 2.578 हेक्टेयर भूमि के भूमिस्वामी सत्यवृत सतपति पिता श्री चारुचन्द्र सतपति पता प्लाट नं0 14, मिसाल ले आउट नागभूमि सोसायटी इन्दोरा, जरीपटका, नागपुर महा0 से उक्त वर्णित भूमि क्रय करने का सौदा किया गया है एवं इसी तरह ग्राम पिपरटोला पटवारी हल्का हरदोली प0ह0नं0 19 तहसील तिरोडी जिला बालाघाट में स्थित भूमि खसरा नं0 48/6/1 रकबा 0.304 हे0 एवं ख0नं0 49/25 रकबा 0.688 कुल रकबा 0.992 हेक्टेयर भूमि के भूमिस्वामी गनेश पिता रविन्द्रनाथ दास, चन्द्रवास पिता रविन्द्रनाथ दास जाति कायस्थ पता हर्षवर्धन नगर भोपाल म0प्र0 से भी उनके संयुक्त कब्जे व मालकी की उपरोक्त वर्णित भूमि को कय करने का सौदा किया गया है। उपरोक्त वर्णित सौदाशुदा भूमियों के सम्बध में किसी भी व्यक्ति / संस्था / निकाय एवं अन्य उत्तराधिकारियों व आम जनता को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति, दावा या हित हो अथवा पूर्व में किसी भी व्यक्ति ने उक्त वर्णित सम्पत्तियों को क्रय करने का अनुबंध किया हो तो वह सूचना प्रकाशन दिवस से एक सप्ताह के भीतर मेरे समक्ष उपस्थित होकर अपने सम्पूर्ण दस्तावेजों के साथ अपना दावा आपत्ति पेश करें निर्धारित समयावधि बाद किसी भी प्रकार का दावा या आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा। वास्ते आम जनता को सूचनार्थ इश्तेहार जारी किया गया।

स्थान- कटंगी
दिनांक- 23/07/2026

आनंदराव टेंभरे
अधिवक्ता वास्ते पक्षकार
व्यवहार न्यायालय कटंगी जिला
बालाघाट मो. नं. 9893992758






विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# प्रधान का इस्तीफा छात्रों के संघर्ष की जीत, भाजपा के अहंकार का अंत शुरूः जीतू पटवारी



**भोपाल, (भाषा)।**

***कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को करोड़ों छात्रों, अभिभावकों और युवाओं के संघर्ष की ऐतिहासिक जीत बताते हुए शनिवार को कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के ''अहंकार'' के अंत की शुरुआत है। प्रधान ने परीक्षा***

प्रणाली मे कथित अनियमितताओं और नीट प्रश्नपत्र लीक को लेकर देशभर में छात्रों के विरोध-प्रदर्शनों के बीच शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक बयान में दावा किया कि भाजपा सरकार का ''हठ, अहंकार और तानाशाही रवैया'' आखिरकार जनता के दबाव के आगे झुक गया।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा शासन के दौरान 21 छात्रों की मौत हुई, 152 से अधिक परीक्षा प्रश्नपत्र लीक हुए, 7.5 करोड़ छात्र और उनके परिवार प्रभावित हुए तथा 50 से अधिक परीक्षाएं रद्द करनी पड़ीं। पटवारी ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल ने बार-बार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। उन्होंने कुछ वर्ष पहले हुए किसान आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस तरह उस आंदोलन के दौरान नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को अपने कदम पीछे खींचने पड़े थे, उसी तरह अब वह छात्रों के लोकतांत्रिक संघर्ष और जनाक्रोश के आगे झुक गई है।

पटवारी ने आरोप लगाया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संसद से लेकर सड़क तक छात्रों के मुद्दे लगातार उठाए और शिक्षा व्यवस्था में कथित अनियमितताओं के लिए जवाबदेही तय करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा क्षेत्र में प्रश्नपत्र लीक और भ्रष्टाचार के कई मामलों के तार भाजपा और उससे जुड़े लोगों से जुड़े हैं तथा सरकार दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के बजाय उन्हें संरक्षण देती रही है। कांग्रेस नेता ज्रीतु पटवारी ने आगे कहा कि प्रधान का इस्तीफ ''सिर्फ शुरुआत'' है और कांग्रेस तब तक अपना संघर्ष जारी रखेगी, जब तक शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं हो जाती, प्रश्नपत्र लीक माफिया और उनके कथित राजनीतिक संरक्षकों के खिलाफसख्त कार्रवाई नहीं होती तथा प्रभावित छात्रों को न्याय नहीं मिल जाता। उन्होंने कहा, ''देश का युवा अब पूरी तरह जाग चुका है। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी।''

# लोकसभा में सोमवार को पेश किया जायेगा प्रश्नपत्र लीक रोधी कानून में संशोधन से जुड़ा विधेयक..

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***दो साल पुराने प्रश्नपत्र लीक रोधी कानून में संशोधन करने के उद्देश्य से एक विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश किया जायेगा। इस विधेयक में आरोपियों की त्वरित सुनवाई के लिए हर राज्य में त्वरित अदालतें स्थापित करने और सजा को और कड़ा करने का प्रस्ताव किया गया है।***

लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 के अनुसार प्रश्नपत्र लीक मामलों की जांच दो महीने के भीतर पूरी करनी होगी। विधेयक को पेश किए जाने से पहले सदस्यों को वितरित की गयी इसकी प्रति के अनुसार, परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक या अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले व्यक्तियों को कम से कम पांच साल और अधिकतम 10 साल की कैद और 50 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

संगठित अपराधों के लिए विधेयक में कम से कम सात वर्ष की सजा और 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रस्ताव है। मौजूदा कानून में व्यक्तिगत रूप से शामिल लोगों के लिए तीन से पांच साल तक की कैद का प्रावधान है, जबकि संगठित रूप से धोखाधड़ी और प्रश्नपत्र लीक जैसे अपराधों में शामिल लोगों के लिए पांच से 10 साल तक की कैद और कम से कम एक करोड़ रुपये के जुर्माने का प्रावधान है।

यह विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश करने, उस पर विचार करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। आमतौर पर किसी विधेयक को एक ही दिन पेश करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध नहीं किया जाता है। सरकार ने घोषणा की कि वह प्रस्तावित कानून लेकर आ रही है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई, जब हाल के दिनों में नीट प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के नेतृत्व में हुए छात्र विरोध प्रदर्शनों ने जोर पकड़ लिया था।

नीट मुद्दे को लेकर विपक्षी दलों के विरोध के कारण संसद के मानसून सत्र के पहले सप्ताह की कार्यवाही बाधित रही। नये विधेयक पर विपक्ष का रुख अभी स्पष्ट नहीं है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह आम सहमति के आधार पर कदम उठाएंगे।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और सरकार द्वारा अन्य मांगों को स्वीकार किए जाने के बाद कॉजपा ने शनिवार को 36 दिनों से जारी प्रदर्शन समाप्त कर दिया। इस विधेयक में 15 अवैध कृत्यों का उल्लेख किया गया है, जिनमें प्रश्नपत्र लीक करना, ओएमआर शीट से छेड़छाड़ करना, फर्जी वेबसाइट बनाना और फर्जी प्रवेश पत्र जारी करना शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार..



### भिवंडी में फ्लाईओवर से प्रधानमंत्री मोदी का पुतला लटकाए जाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज..

**ठाणे, (भाषा)।** ठाणे जिले के भिवंडी में एक फ्लाईओवर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीर वाला पुतला लटकाने के आरोप में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफमामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। निज़ामपुरा थाने के अधिकारी ने बताया कि घटना बृहस्पतिवार देर रात 1:30 बजे के आसपास वंजारीपट्टी नाका फ्लाईओवर पर हुई। उन्होंने कहा, ÷एक अज्ञात व्यक्ति ने फ्लाईओवर के लोहे के एंगल से रस्सी के सहारे कपड़े का बना एक पुतला लटकाया, जिस पर प्रधानमंत्री की तस्वीर लगी थी। 14 जुलाई को ठाणे के पुलिस उपायुक्त (विशेष शाखा) द्वारा जारी निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए यह हरकत की गई। अधिकारी ने बताया कि निषेधाज्ञा के तहत सार्वजनिक स्थानों पर राजनीतिक नेताओं और हस्तियों की तस्वीरों या पुतलों के प्रदर्शन, पुतले लटकाने या प्रतीकात्मक पुतला फूंकने पर प्रतिबंध लगा होता है। उन्होंने कहा कि आरोपी की पहचान करने और उसे गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।

### सिक्किमः नामची जिले में भूस्खलन से दो लोगों की मौत, चार लोग घायल

**गंगटोक, (भाषा)।**

सिक्किम के नामची जिले में शनिवार दोपहर सड़क से मलबा हटाते समय हुए भूस्खलन की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई और चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि छह मजदूर सादा और फमटम गांवों को जोड़ने वाली सड़क पर जमा मलबा हटा रहे थे, तभी हुए भूस्खलन से वे मलबे के नीचे दब गए। पुलिस के मताबिक, मृतकों की पहचान लाल बहादुर राय (18) व मान बहादुर गुरुंग (61) के रूप में हुई है और घायलों को तुरंत बाहर निकालकर नामची के जिला अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि घायलों की पहचान अनिल राय, मोहन बहादुर छेत्री, महेंद्र राय और सोनम वांग्दी भूटिया के रूप में हुई हैं। घटना के तुरंत बाद जिलाधिकारी, अतिरिक्त जिलाधिकारी और उप जिलाधिकारी के साथ घटनास्थल पर पहुंचे ताकि स्थानीय अधिकारियों, पुलिस व ग्रामीणों द्वारा चलाए जा रहे बचाव अभियान की देखरेख कर सकें।

### हिप्र में बारिश के कारण भूस्खलन से 134 सड़कें बंद, चार जिलों में 28 जुलाई से ऑरेंज अलर्ट..

**शिमला, (भाषा)।** मूसलाधार बारिश के कारण भूस्खलन और अचानक बाढ़ से शनिवार को हिमाचल प्रदेश में कुल 134 सड़कें बंद रहीं। इसके साथ ही, मौसम विभाग ने राज्य के चार जिलों में 28 से 30 जुलाई के दौरान भारी से बहुत भारी बारिश का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार सुबह तक चंबा, कांगड़ा, किन्नौर, कुल्लू, मंडी, शिमला और सिरमौर जिलों के कुछ हिस्सों में कम से मध्यम स्तर की अचानक बाढ़ का खतरा भी जताया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। भारी बारिश की वजह से हुए भूस्खलन और अचानक बाढ़ के कारण शनिवार शाम को कुल 134 सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहीं। इनमें मंडी में 58, कुल्लू में 33, चंबा में 14, सिरमौर में 12, शिमला में सात, कांगड़ा में पांच, लाहौल और स्पीति में चार और ऊना जिले में एक सड़क शामिल है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के मुताबिक, राज्य में 35 पेयजल योजनाएं तथा 78 विद्युत ट्रांसफॉर्मर भी प्रभावित हुए हैं। शुक्रवार शाम से राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी है। इस दौरान धर्मशाला में सर्वाधिक 80.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि राज्य में वर्षा का दौर 31 जुलाई तक जारी रहेगा।

### छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत

**कोरबा, (भाषा)।**

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में शनिवार शाम धान की रोपाई के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना कटघोरा थाना क्षेत्र के छुरी गांव में हुई। अधिकारी ने बताया, ÷छुरी बकरा बाजार के पीछे एक खेत में करीब 25 से 30 ग्रामीण धान की रोपाई कर रहे थे। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिर गई। छुरी निवासी बहोरन पटले, लक्ष्मी चंद पटले और श्याम साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल कटघोरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद कटघोरा थाने के पुलिसकर्मी अस्पताल पहुंचे और पंचनामा सहित अन्य कानूनी कार्रवाई शुरू की। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया गया है। सरगुजा जिले में 29 जून को बारिश से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे खड़े एक चरवाहे और दो बच्चों की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई थी, जबकि 12 वर्षीय एक लड़की झुलस गई थी।

# चुनाव लड़ने की न्यूनतम उम्र 21 साल करने के लिए प्रस्ताव पारित करेगी तेलंगाना विधानसभा : मुख्यमंत्री

**हैदराबाद, (भाषा)।**

***तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को घोषणा की कि उनकी सरकार जल्द ही विधानसभा का एक विशेष सत्र बुलाकर एक प्रस्ताव पारित करेगी तथा केंद्र सरकार से अपील करेगी कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने की न्यूनतम उम्र मौजूदा 25 साल से घटाकर 21 साल कर दी जाए। नीट प्रश्नपत्र लीक***

मामले को लेकर यहां आयोजित एक 'कैंडल लाइट' रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि 'जेन-जेड' के आंदोलन ने '56 इंच के सीने' (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर इशारा) को हरा दिया और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपने पद से हटने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा, ''हम अगस्त के पहले सप्ताह में विधानसभा और विधानपरिषद का विशेष सत्र बुलाएंगे।

हम विधानसभा में चर्चा करेंगे तथा विधायक और सांसद का चुनाव लड़ने की न्यूनतम उम्र 21 साल करने का प्रस्ताव पारित करके प्रधानमंत्री को भेजेंगे।'' रेड्डी ने कहा कि देश की आबादी में 'जेन-जेड' की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत है, लेकिन लोकसभा में उनका प्रतिनिधित्व एक प्रतिशत से भी कम है। उन्होंने कहा कि अगर 21 साल से अधिक उम्र के युवा मंत्री बनते हैं तो देश का भविष्य बदल जाएगा। उन्होंने 21 साल के लोगों को विधायक और सांसद के तौर पर चुनाव लड़ने का मौका देने के लिए संविधान में संशोधन करने का सुझाव दिया।

# यूक्रेन और रूस ने एक-दूसरे पर किए हमले, कम से कम 14 लोगों की मौत..

**कीव, (एपी)।**

***रूस के आंशिक कब्जे वाले जापोरिज्जिया क्षेत्र में स्थित पर्यटन स्थलों पर यूक्रेनी सुरक्षाबलों के हमले में 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं, यूक्रेन के पूर्वोत्तर सूमी क्षेत्र में रूस के ड्रोन हमले में तीन लोगों की जान चली गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।***

क्रेमलिन समर्थित जापोरिज्जिया क्षेत्र के प्रमुख येवगेनी बालित्स्की ने बताया कि पर्यटन स्थलों पर हुए हमले में मारे गए 11 लोगों में चार बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस हमले में 16 अन्य लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन की ओर से इस हमले पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। सूमी क्षेत्र के प्रमुख ओलेह ह्रीहोरोव ने बताया कि रूस के एक ड्रोन द्वारा एक ''नागरिक प्रतिष्ठान'' पर हमला किए जाने के बाद भीषण आग लग गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मृतक यूक्रेन की निजी डाक एवं कूरियर सेवा 'नोवा पोश्टा' के चालक थे। रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसने सूमी क्षेत्र में यूक्रेन के ड्रोन के ''भंडारण और प्रक्षेपण स्थल'' पर हमला किया। दक्षिण-पूर्वी यूक्रेन के जापोरिज्जिया क्षेत्र में शुक्रवार देर रात हुए रूसी ड्रोन हमले में एक व्यापारिक केंद्र को भी निशाना बनाया गया। क्षेत्रीय प्रमुख इवान फेदोरोव ने बताया कि हमले के बाद लगी आग लगभग 500 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैल गई और इसमें कई लोग घायल हो गए।

कीव के निकट रक्षा उद्योग से जुड़े एक कार्यक्रम स्थल पर शुक्रवार को रूस के बड़े हमले में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि लगभग 100 अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार शाम अपने संबोधन में कहा कि खुफिया आकलनों से संकेत मिले हैं कि रूस बड़े मिसाइल हमले की तैयारी कर रहा है और यह हमला अगले 48 घंटे के भीतर हो सकता है। इस बीच, रोमानिया के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि उसकी सेना ने यूक्रेन सीमा के निकट एक निर्जन क्षेत्र में उसके हवाई क्षेत्र में घुसे एक ड्रोन को सुरक्षित तरीके से मार गिराया। रोमानिया के राष्ट्रपति निकोर डैन ने फेसबुक पर कहा कि इस ड्रोन को रोमानियाई वायुसेना के एक एफ16 लड़ाकू विमान के पायलट ने मार गिराया।

# राष्ट्रपति मुर्मू का यूरोप के तीन देशों का दौरा संपन्न, दिल्ली के लिए हुईं रवाना..



**बुखारेस्ट (रोमानिया), (भाषा)।**

***राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यूरोप के तीन देशों के अपने दौरे का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन किया और उनकी इस यात्रा के दौरान व्यापार एवं पर्यटन समेत कई अहम क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने पर वार्ता हुई।***

मुर्मू ने 20 जुलाई को मोल्दोवा की राजकीय यात्रा के साथ अपने दौरे की शुरुआत की। यह किसी भी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की मोल्दोवा की पहली यात्रा थी। इस दौरान उन्होंने मोल्दोवा की अपनी समकक्ष माया संदू के साथ द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर बातचीत की। दोनों देश पारस्परिक हित के कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमत हुए, जिनमें कृषि, साजो-सामान और बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य सेवा और फार्मास्यूटिकल्स, नवीकरणीय ऊर्जा और नवाचार शामिल हैं।

मोल्दोवा के बाद, मुर्मू ने 21 से 22 जुलाई तक उत्तरी मकदूनिया का दौरा किया। वह दक्षिण-पूर्वी यूरोप के इस देश की यात्रा करने वाली पहली भारतीय राष्ट्रपति हैं। उनकी इस यात्रा के दौरान, दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने पर सहमति जताई और पर्यटन, आतिथ्य-सत्कार और फिल्म निर्माण जैसे अहम क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की।

यह चर्चा राष्ट्रपति मुर्मू और उनकी समकक्ष गोर्डाना सिजानोव्स्का-दावकोवा के बीच हुई बैठक के दौरान हुई, जिसके बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत हुई। उन्होंने उत्तरी मकदूनिया की संसद और भारत-उत्तरी मकदूनिया बिजनेस फोरम के उद्घाटन सत्र को भी संबोधित किया। इसके बाद मुर्मू 23 जुलाई को रोमानिया पहुंचीं। तीन दशकों से भी अधिक समय में किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इस देश की यह पहली यात्रा थी। अपनी यात्रा के दौरान, भारत और रोमानिया अगले तीन वर्षों में व्यापार को दोगुना करने और रक्षा सहित द्विपक्षीय साझेदारी के अन्य अहम क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर सहमत हुए।

उन्होंने अपने रोमानियाई समकक्ष निकुसोर डैन के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। मुर्मू ने शुक्रवार को देश की राजधानी बुखारेस्ट में भारत-रोमानिया बिजनेस फोरम को संबोधित किया और प्रधानमंत्री इली बोलोजान के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर अलग से व्यापक चर्चा की। यहां 'बुखारेस्ट यूनिवर्सिटी ऑफ इकोनॉमिक स्टडीज' ने मुर्मू को डॉक्टरेट की मानद उपाधि भी प्रदान की। मुर्मू ने शनिवार को हवाई अड्डा के लिए रवाना होने से पहले प्रवासी भारतीयों से मुलाकात की।

# 'देर आए दुरुस्त आए': नीट पेपर लीक मामले को लेकर प्रधान के इस्तीफे पर बोले वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर जोशी

**नई दिल्ली, (भाषा)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पद से धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी ने शनिवार को छात्रों को उनके आंदोलन के 'शांतिपूर्ण समापन' के लिए बधाई दी। नीट प्रश्नपत्र लीक विवाद को लेकर बढ़ते दबाव के बीच प्रधान ने आज इस्तीफा दे दिया। केंद्र सरकार ने कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के नेतृत्व में हफ्तों तक चले आंदोलन की मुख्य मांग मान ली है। राष्ट्रीय राजधानी से यह आंदोलन देश के कई हिस्सों तक फैल गया था। प्रधान ने अपने बयान में कहा कि पिछले 10 दिनों के घटनाक्रम से उन्हें 'गहरा दुख' पहुंचा है और यह मुद्दा 'व्यक्तिगत प्रतिष्ठा' का विषय नहीं है। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए जोशी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'देर आए, दुरुस्त आए। धर्मेंद्र प्रधान ने अपना इस्तीफा सौंप दिया है।' भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, 'मैं आंदोलन को शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त करने के लिए सभी छात्रों की सराहना करता हूं और उन्हें बधाई देता हूं। मुझे उम्मीद है कि अब भारतीय शिक्षा जगत में जल्द ही शांति स्थापित होगी और युवाओं को अपने उ'वल भविष्य व तरक्की के लिए भरपूर अवसर मिलेंगे।'








जग प्रेरणा
खेल मनोरंजन
खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



# भारतीय टीम ने हाई-वोल्टेज मुकाबले में पाकिस्तान को 7-3 से चटाई धूल, लगातार छठा मुकाबला जीता..

डेस्क जगप्रेरणा।

***मस्कट में खेली जा रही FIH यूथ हॉकी5s एशियन चैंपियनशिप 2026 में भारतीय पुरुष टीम की शानदार फॉर्म जारी है। भारतीय टीम अपने दमदार प्रदर्शन से लगातार जीत का सिलसिला कायम रखा है।***



टीम ने ओमान और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ एकतरफा जीत दर्ज कर यह साबित कर दिया कि वह इस टूर्नामेंट में खिताब की सबसे बड़ी दावेदारों में शामिल है।

भारतीय पुरुष टीम ने पहले मेजबान ओमान को पूरी तरह से मात देते हुए 10-1 के बड़े अंतर से हराया। इस जीत के साथ भारत ने लगातार पांचवां मुकाबला अपने नाम किया और टूर्नामेंट में अपना अजेय अभियान जारी रखा। मैच के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाया और शुरुआत से ही ओमान पर दबाव बनाए रखा। तेज पासिंग, बेहतरीन मूवमेंट और सटीक फिनिशिंग के दम पर टीम ने ओमान के डिफेंस को पूरी तरह बेअसर कर दिया।

## पाकिस्तान को चटाई धूल..

ओमान पर बड़ी जीत के बाद भारतीय टीम ने अपने अगले मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ भी शानदार प्रदर्शन किया। इस तरह टीम इंडिया लगातार छठा मुकाबला जीतने में सफल रही। हाई-वोल्टेज मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 7-3 से हराकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। पूरे मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने गेंद पर शानदार नियंत्रण बनाए रखा और लगातार आक्रमण करते हुए पाकिस्तान को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। पहले हाफ में रोमित पाल (8वें मिनट), करण गौतम (10वें मिनट) और कप्तान केतन कुशवाहा (10वें मिनट) के गोल की बदौलत भारत ने 3-0 की बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में प्रह्लाद राजभर ने 12वें मिनट में चौथा गोल कर बढ़त को और मजबूत किया।

पाकिस्तान ने मोहम्मद उस्मान (12वें और 15वें मिनट) तथा कप्तान आदिल (17वें मिनट) के गोल की बदौलत वापसी की कोशिश की, लेकिन भारत ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया। शाहरुख अली (16वें मिनट), राहुल यादव (18वें मिनट) और कप्तान केतन कुशवाहा (20वें मिनट) ने गोल दागकर भारत की 7-3 से शानदार जीत सुनिश्चित कर दी। भारत के स्टार खिलाड़ी और कप्तान कुशवाहा केतन को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

एक ही दिन में 2 बड़ी जीत के साथ भारतीय पुरुष टीम का आत्मविश्वास और भी मजबूत हुआ है। टीम अब टूर्नामेंट के आखिरी दिन जीत के सिलसिले को बरकरार रखना चाहेगी। इससे पहले भारतीय टीम ने अपने पिछले 4 मुकाबलों में बांग्लादेश को 2 बार जबकि ओमान और पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी। भारतीय मेन्स टीम अब टूर्नामेंट के आखिरी दिन यानी 25 जुलाई को मैदान पर उतरेगी।

## महिला टीम को चीन से मिली मात..

दूसरी तरफ, भारतीय महिला टीम को चीन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। चीन ने भारतीय टीम को 6-3 से मात दी। हालांकि, दिन के अपने दूसरे मैच में भारतीय महिला टीम उज्बेकिस्तान को 10-0 से हराने में सफल रही। इससे पहले महिला टीम ने 23 जुलाई को कजाकिस्तान पर 10-0 से शानदार जीत हासिल की थी। गौरतलब है कि FIH यूथ हॉकी5एस एशियन चैंपियनशिप 2026 पहली बार आयोजित होने वाले FIH यूथ हॉकी5s वर्ल्ड कप के लिए एशियाई क्वालीफायर भी है।

# 'द इंडिया स्टोरी' की बॉक्स ऑफिस पर फीकी शुरुआत, काजल अग्रवाल-श्रेयस तलपड़े की फिल्म ने पहले दिन कमाए 16 लाख..

डेस्क जगप्रेरणा।

***काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की फिल्म 'द इंडिया स्टोरी', जो सिनेमाघरों में 24 जुलाई को रिलीज हुई है। बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन धीमी शुरुआत के साथ इस फिल्म ने निराशाजनक कमाई की।***



मशहूर कलाकारों के होने के बावजूद, फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में संघर्ष करती दिखी और इसकी कमाई भी उम्मीद से कम रही। हालांकि, फिल्म को अच्छे रिव्यू मिल रहे हैं। ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि आने वाले दिनों में फिल्म अच्छी कमाई कर सकती है। इस फिल्म को इंडिया टीवी ने 3 रेटिंग दी है, जिसे चेतन डीके ने बनाया है।

## 'द इंडिया स्टोरी' का पहले दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन..

सैकनिल्क के अनुसार 'द इंडिया स्टोरी' ने पहले दिन भारत में 16 लाख रुपये का नेट कलेक्शन किया। फिल्म का भारत में ग्रॉस कलेक्शन लगभग 18 लाख रुपये रहा, जबकि इसका दुनिया भर में ग्रॉस कलेक्शन भी लगभग 18 लाख रुपये ही रहा।

फिल्म ने पहले दिन विदेश से कोई कमाई नहीं की। 'द इंडिया स्टोरी' का पहले दिन का बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। फिल्म को मुनाफे की ओर बढ़ने के लिए वीकेंड पर कलेक्शन में काफी बढ़ोतरी और सिनेमाघरों में लगातार अच्छे प्रदर्शन की जरूरत होगी।

## द इंडिया स्टोरी को मिले शानदार रिव्यू..

'द इंडिया स्टोरीः स्लो पॉइजन इन प्रोग्रेस' चेतन डीके द्वारा निर्देशित और सागर बी. शिंदे द्वारा निर्मित एक सोशल ड्रामा फिल्म है।

काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े मुख्य भूमिकाओं में हैं और फिल्म में मुरली शर्मा, मनीष वाधवा, त्रिशा सारडा, अतुल तिवारी, कमलेश सावंत और शाम मशालकर भी हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही यह फिल्म जबरदस्त चर्चा में है और इसे सोशल मीडिया पर बी बहुत अच्छे रिव्यू मिल रहे हैं।

## तीन भाषा में रिलीज हुई द इंडिया स्टोरी..

फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' की शूटिंग जनवरी 2025 में पुणे, महाराष्ट्र में शुरू हुई और उसी साल अक्टूबर में पूरी हुई। इसके कुछ हिस्से कोल्हापुर में भी शूट किए गए थे। यह फिल्म 24 जुलाई 2026 को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई।

# करिश्मा ने गोविंदा संग काम करना क्यों किया बंद? 'जोड़ी नंबर 1' टूटने पर बोलीं शगुफ्ता अली- 'दिलचस्पी खत्म हो गई होगी'...

डेस्क जगप्रेरणा।

***गोविंदा एक समय पर बॉलीवुड के उन एक्टर्स में गिने जाते थे, जिन पर कोई भी डायरेक्टर-प्रोड्यूसर पैसे लगाने से परहेज नहीं करता था। एक समय था जब गोविंदा के पास फिल्मों की लाइन लगी थी, लेकिन फिर ऐसा भी समय आया जब बड़े पर्दे पर उनकी फिल्में चलना बंद हो गईं।***



ऐसे समय में इंडस्ट्री ने भी अपने हाथ पीछे खींच लिए और अब पिछले कुछ सालों से गोविंदा बड़े पर्दे से गायब हैं। बड़े पर्दे पर गोविंदा ने करिश्मा कपूर के साथ भी कई हिट फिल्में दीं। दोनों की जोड़ी हिट थी और साथ में आई फिल्में भी छप्परफाड़ कमाई कर रही थीं। लेकिन, अचानक ही दोनों ने साथ काम करना बंद कर दिया। अब इस 1997 की कॉमेडी फिल्म 'हीरो नंबर 1' में करिश्मा कपूर और गोविंदा के साथ काम कर चुकीं सीनियर एक्ट्रेस शगुफ्ता अली ने इस पर खुलकर बात की है और साथ ही करिश्मा के साथ काम करने का अपना एक्सपीरियंस भी साझा किया है।

## गोविंदा-करिश्मा ने साथ काम करना क्यों बंद कर दिया?

सिद्धार्थ कनन के साथ बातचीत में शगुफ्ता अली ने 1997 की कॉमेडी फिल्म 'हीरो नंबर 1' में करिश्मा कपूर के साथ काम करने का अपना एक्सपीरियंस शेयर किया। इस दौरान उन्होंने करिश्मा के काम के प्रति लगन और डिसिप्लिन की जमकर तारीफ की, लेकिन साथ ही ये भी कहा कि करिश्मा 'बहुत ज्यादा महत्वाकांक्षी' थीं और सेट पर काफी एटीट्यूड दिखाती थीं। इसी दौरान जब उनसे पूछा गया कि गोविंदा और करिश्मा ने साथ में कई हिट फिल्में दी थीं, फिर भी दोनों ने साथ काम करना क्यों बंद कर दिया? तो इसका जवाब देते हुए शगुफ्ता ने कहा- 'शायद उनकी दिलचस्पी खत्म हो गई होगी।'

## करिश्मा-गोविंदा की जोड़ी टूटने पर बोलीं शगुफ्ता अली..

शगुफ्ता अली ने गोविंदा-करिश्मा की ऑनस्क्रीन जोड़ी टूटने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा- 'इंटरेस्ट खत्म हो गया होगा। प्यार, मोहब्बत खत्म हो गई होगी। हीरोइन्स के मूड का भी क्या भरोसा है। और बहुत ज्यादा महत्वाकांक्षी होना भी अच्छी बात नहीं है। करिश्मा बहुत ज्यादा महत्वाकांक्षी थीं। वह बहुत हार्डवर्किंग थीं, लेकिन एटीट्यूड भी बहुत ज्यादा था। हमेशा ये दिखता था। सेट पर आपके रवैये और व्यवहार का फर्क पड़ता है। अगर कोई आपका को-एक्टर है तो आपसी तालमेल जरूरी है।'

## गोविंदा मदद के लिए रहते थे आगे..

शगुफ्ता अली ने गोविंदा के साथ काम करने का एक्सपीरियंस साझा करते हुए कहा- 'गोविंदा के साथ मैंने 3-4 फिल्में कीं और हमने खूब एंजॉय किया। वो खूब रिहर्सल करते थे, हम कहते हैं आमिर खान परफेक्शनिस्ट हैं, लेकिन गोविंदा भी परफेक्शन पर पूरा ध्यान देते थे। 27 रीटेक लेते थे और सबको सॉरी भी बोलते थे। वह चाहते थे कि अपना बेस्ट दें।

डेविड धवन बोलते भी थे कि हो गया, ठीक है, लेकिन वो अपना बेस्ट देने के लिए कहते थे- और करते हैं। उनकी एक ही समस्या थी कि वो सेट पर देर से आते थे। कई बार कादर खान उनके देर से आने की आदत से गुस्सा हो जाते थे, लेकिन ज्यादा नहीं बोलते थे।'

## गोविंदा का कमबैक..

वर्क फ्रंट की बात करें तो गोविंदा 7 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। पिछले दिनों ही गोविंदा ने अपनी नई फिल्म 'रूपा' का ऐलान किया था, जिसके साथ वह अपने करियर का नया चैप्टर शुरू करने जा रहे हैं। गोविंदा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपने नए प्रोजेक्ट का ऐलान किया था और इस दौरान उनकी हीरोइन भी उनके साथ नजर आई थीं।

# कोटा में कटौती के बावजूद मीराबाई की अगुवाई में भारोत्तोलकों से स्वर्ण पदकों की उम्मीद..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू आगामी राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय भारोत्तोलन दल की अगुआई करेंगी जहां डोपिंग मामलों से प्रभावित तैयारियों के बावजूद भारतीय टीम इस प्रतियोगिता में अपने दबदबे को कायम रखने के इरादे से उतरेगी।***



प्रतियोगिता से पहले भारतीय भारोत्तोलन दल को बड़ा झटका लगा, जब डोपिंग उल्लंघनों के कारण खिलाड़ियों की संख्या 16 से घटाकर 11 कर दी गयी। इसमें नवीनतम मामला 96 किलोग्राम वर्ग के दिलबाग सिंह का है, जिन्हें इसी सप्ताह टीम से बाहर कर दिया गया। इससे भारतीय दल की तैयारियों पर असर पड़ा है।

इन बाधाओं के बावजूद राष्ट्रमंडल खेलों की भारोत्तोलन स्पर्धा में भारत अब भी मजबूत दावेदार माना जा रहा है। इसका एक प्रमुख कारण यह भी है कि चीन और उत्तर कोरिया जैसे इस खेल में मजबूत माने जाने वाले देश इस प्रतियोगिता का हिस्सा नहीं हैं। भारतीय भारोत्तोलकों ने 1990, 2002, 2018 और 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले देश का गौरव हासिल किया था। कुल 133 पदकों (46 स्वर्ण) के साथ भारत इस स्पर्धा के इतिहास में ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरा सबसे सफल देश है।

बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारत ने भारोत्तोलन में तीन स्वर्ण और तीन रजत सहित कुल 10 पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया था। ऐसे में ग्लास्गो में भी टीम से एक और प्रभावशाली प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। भारतीय दल के सभी 11 खिलाड़ियों में पदक जीतने की क्षमता रखते हैं लेकिन स्वर्ण पदक की सबसे प्रबल उम्मीदें कुछ खिलाड़ियों से ही हैं।

इनमें सबसे बड़ा नाम मीराबाई चानू का है, जिनके अपने राष्ट्रमंडल खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने की पूरी संभावना है। पूर्व विश्व चैंपियन और ओलंपिक रजत पदक विजेता चानू का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ कुल भार 205 किलोग्राम (स्नैच 89 किग्रा और क्लीन एवं जर्क 116 किग्रा) है। यह महिला 48 किलोग्राम वर्ग में अन्य सभी प्रतिद्वंद्वियों से काफी बेहतर है।

एशियाई खेलों के शुरू होने में दो महीने से भी कम समय शेष होने के कारण चानू ने संकेत दिए हैं कि वह ग्लास्गो में अनावश्यक जोखिम नहीं उठाएंगी। उन्होंने 'पीटीआई' से कहा, 'हमारा मुख्य लक्ष्य एशियाई खेल हैं। इसलिए यहां मेरा प्रदर्शन उसी को ध्यान में रखकर होगा। मैं यहां पूरी ताकत नहीं लगाऊंगी और कोई जोखिम नहीं उठाऊंगी।' चानू स्नैच और क्लीन एवं जर्क दोनों में सफल प्रयास करती हैं तो उनका तीसरा राष्ट्रमंडल स्वर्ण और कुल चौथा राष्ट्रमंडल पदक जीतना लगभग तय माना जा रहा है। हाल के डोपिंग विवाद के बावजूद भारत को ज्ञानेश्वरी यादव (53 किग्रा), ऋषिकांत सिंह (60 किग्रा) और एम. राजा (65 किग्रा) से भी स्वर्ण पदक की उम्मीदें हैं।

## भारतीय टीमः

**महिलाः** मीराबाई चानू (48 किग्रा), ज्ञानेश्वरी यादव (53 किग्रा), बिंद्यारानी देवी (58 किग्रा), निरूपमा देवी (63 किग्रा), हरजिंदर कौर (69 किग्रा), संजना (77 किग्रा), मार्टिना देवी (86 किग्रा से अधिक)।

**पुरुषः** ऋषिकांत सिंह (60 किग्रा), एम. राजा (65 किग्रा), अजया बाबू (79 किग्रा), लवप्रीत सिंह (110 किग्रा से अधिक)।

# भारत ने टाई-ब्रेकर में टोंगा को हराया

## सेमीफाइनल की दौड़ में बरकरार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***रूपा रानी टिर्की और पिंकी सिंह की भारतीय जोड़ी ने शनिवार को राष्ट्रमंडल खेलों की लॉन बॉल्स प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाते हुए महिला पेयर्स के सेक्शन बी में टोंगा को टाई-ब्रेकर में 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदें जीवंत रखा।***



रूपा और पिंकी ने टोंगा की पेरिस बेकर और मिलिका नाथन के खिलाफ पहला सेट 5-2 से जीता। टोंगा ने पहले 'एंड' में 1-0 की बढ़त बना ली। भारत ने दूसरे 'एंड' में रूपा (लीड) और पिंकी (स्किप) के बीच बेहतरीन तालमेल के जरिए वापसी की। इससे भारत दूसरे 'एंड' में आगे हो गया और स्कोर 1-1 से बराबर हो गया। पहले सेट में अभी तीन 'एंड' बाकी थे।

भारत ने अपना दबदबा बनाए रखा और पहला सेट 5-2 से जीत लिया। हालांकि टोंगा ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा सेट 6-4 से जीता और मैच को टाई-ब्रेकर तक पहुंचाया। बेकर और नाथन के बेहतरीन खेल की बदौलत उसने 6-0 की बढ़त बना ली थी। रूपा और पिंकी ने वापसी की पूरी कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो पाई।

लेकिन टाई-ब्रेकर में भारतीय खिलाड़ियों ने चुनौती का डटकर सामना किया। रूपा ने टीम को आगे किया और पिंकी ने जीत पक्की की। रूपा और पिंकी दोनों 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली महिला फोर टीम का हिस्सा थीं। महिला पेयर्स के सेक्शन बी में भारत और इंग्लैंड दोनों ने तीन-तीन मैच खेले हैं और तीनों जीते हैं। लेकिन इंग्लैंड आगे है क्योंकि उसने भारत के मुकाबले एक सेट ज्यादा जीता है।

# 'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवाद के बाद टूट गई थीं अपूर्वा मखीजा, सूफी मोतीवाला बने थे सहारा, बोलीं- 'मैं शायद जिंदा नहीं होती'..

डेस्क जगप्रेरणा।



अपूर्वा मखीजा इन दिनों 'लॉक अप 2' की वजह से चर्चा में है। शो के दौरान उन्होंने उस मुश्किल दौर को याद किया जो उन्हें 'इंडियाज गॉट लेटेंट' से जुड़े बड़े विवाद के बाद झेलना पड़ा था। अपूर्वा शो में एक 'इनफॉर्मर' के तौर पर शामिल हुईं और 'लॉक अप' के कंटेस्टेंट सूफी मोतीवाला के साथ अपने मतभेद सुलझाए, जो लोग नहीं जानते उन्हें बता दें कि सूफी और अपूर्वा 'द ट्रेटर्स' शो के दौरान दोस्त बने थे। हालांकि, बाद में उनके बीच अनबन हो गई थी। इस बीच अपूर्वा मखीजा ने कहा कि आज वह सूफी की वजह से जिंदा है, जिन्होंने उनका बुरे वक्त में साथ दिया था।

## इंडियाज गॉट लेटेंट के बाद डिप्रेशन में थीं अपूर्वा मुखिज..

'लॉक अपः सच या सजा' का घर जबरदस्त ड्रामा, तीखी बहस और अचानक आए ट्विस्ट से भरा रहा है, लेकिन हाल ही में अपूर्वा मखीजा और सूफी मोतीवाला के बीच हुई एक इमोशनल बातचीत ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। शो में अपूर्वा ने 'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवाद के दौरान अपनी जान बचाने का श्रेय फैशन इन्फ्लुएंसर सूफी मोतीवाला को दिया। लॉक अप सीजन 2 के हालिया एपिसोड में उन्होंने समय रैना के कॉमेडी शो को लेकर हुए भारी विरोध के बाद झेलनी पड़ी मानसिक परेशानी के बारे में बात की।

## सूफी मोतीवाला ने बचाई अपूर्वा मखीजा की जान..

अपूर्वा मखीजा ने बताया कि लोगों की नफरत ने उन्हें अपनी जान देने के कगार पर पहुंचा दिया था। इस दौरान सूफी मोतीवाला ने उनकी जान बचाई थी और उस वक्त को याद करते हुए अपूर्वा ने कहा कि उस नेगेटिविटी की वजह से उनके मन में बहुत बुरे ख्याल आने लगे थे। अपूर्वा ने भावुक होकर सूफी मोतीवाला से कहाः

'मैंने सच में तुम्हें बहुत याद किया। अपनी मां की कसम खाकर कहती हूं, जब भी कोई मुझसे तुम्हारे बारे में पूछता है और कहता है तुम उसकी दोस्त कैसे थीं? वह तो बहुत मतलबी है तो मैं उनसे कहती हूं... 'लेटेंट' वाले विवाद के समय अगर सूफी मेरे साथ नहीं होता तो मैं खुदकुशी कर लेती। मैं उस मुश्किल दौर से नहीं निकल पाती। तुम ही अकेले इंसान थे जो मेरे साथ थे। मैं उस समय किसी को डेट भी नहीं कर रही थी। अपनी जिंदगी में एक दोस्त के तौर पर मैंने हमेशा तुम्हें इसका श्रेय दिया है। तुमने मेरी जान बचाई; अगर तुम नहीं होते तो मैं सच में 'लेटेंट' वाले मामले से उबर नहीं पाती।'

## सूफी मोतीवाला ने अपूर्वा मखीजा को बताया खास..

अपूर्वा की बात सुनकर सूफी भावुक हो जाता है और तुरंत उनके पुराने रिश्ते को याद करते हुए कहता है, 'ऐसा मत कहो। मैं तुम्हें सच बताता हूं, दोस्त। जब हम दोस्त थे तो वह एक साल मेरी जिंदगी का सबसे पसंदीदा साल था। मुझे आखिरकार लगा कि बॉम्बे में मेरा भी एक सोशल सर्कल है। मुझे लगा कि कोई ऐसा है जिसके पास मैं जब चाहूँ जा सकता हूं और सच कहूं तो मुझे तुम्हारी बहुत याद आई।'

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

जग प्रेरणा
# साहित्य अभिव्यक्ति
■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## क्या इस्तीफा कभी किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता है?

देश में समय-समय पर सामने आए प्रश्नपत्र लीक और भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं के मामलों ने परीक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े किए हैं। चाहे वह विभिन्न राज्यों की भर्ती परीक्षाएं हों या राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाएं, हर पेपर लीक लाखों युवाओं के वर्षों के परिश्रम, उनके आत्मविश्वास और व्यवस्था के प्रति विश्वास को गहरी चोट पहुँचाता है। इसलिए जब ऐसी घटनाएं होती हैं तो विद्यार्थियों का आक्रोश, अभिभावकों की चिंता और समाज की बेचैनी के साथ विपक्षी राजनीतिक दलों की राजनीति करना स्वाभाविक है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी मंत्री या सरकार से जवाबदेही मांगना नागरिकों का अधिकार ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र की स्वस्थ परंपरा भी है। यदि किसी मंत्रालय के अधीन गंभीर प्रशासनिक विफलता होती है तो नैतिक उत्तरदायित्व का प्रश्न अवश्य उठता है। किंतु इससे भी अधिक महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या केवल किसी मंत्री का इस्तीफा समस्या का स्थायी समाधान है?

भारत के राजनीतिक इतिहास पर दृष्टि डालें तो लगभग हर बड़े प्रशासनिक, आर्थिक अथवा राजनीतिक विवाद के बाद संबंधित मंत्री के इस्तीफे की मांग उठती रही है। सत्ता और विपक्ष की भूमिका बदलते ही इस मांग के स्वर भी बदल जाते हैं। इससे स्पष्ट है कि अनेक अवसरों पर इस्तीफे की मांग नैतिक उत्तरदायित्व से अधिक राजनीतिक रणनीति का हिस्सा बन जाती है। किंतु विद्यार्थियों के भविष्य जैसे अत्यंत संवेदनशील विषय पर राजनीतिक लाभ-हानि से ऊपर उठकर स्थायी समाधान खोजने की आवश्यकता है।

यदि शिक्षा मंत्री इस्तीफा भी दे दें, तो क्या इससे परीक्षा माफिया समाप्त हो जाएगा? क्या प्रश्नपत्रों की सुरक्षा स्वतः सुनिश्चित हो जाएगी? क्या भर्ती परीक्षाओं में सक्रिय संगठित गिरोह खत्म हो जाएंगे? क्या भविष्य में पेपर लीक रुक जाएंगे? इन सभी प्रश्नों का उत्तर स्पष्टतः 'नहीं' है। समस्या किसी एक व्यक्ति या पद तक सीमित नहीं है। यह परीक्षा प्रणाली की संरचना, प्रश्नपत्र निर्माण एवं वितरण की सुरक्षा, डिजिटल अवसंरचना, प्रशासनिक निगरानी, संस्थागत जवाबदेही और कानून के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़ी बहुआयामी चुनौती है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो और विभिन्न जांच एजेंसियों की कार्रवाई से यह स्पष्ट होता है कि प्रश्नपत्र लीक अब कई स्थानों पर संगठित अपराध का स्वरूप ले चुका है। इसमें तकनीकी विशेषज्ञों, दलालों, कुछ भ्रष्ट अधिकारियों और अपराधी नेटवर्क की मिलीभगत सामने आती रही है। ऐसी स्थिति में केवल नेतृत्व परिवर्तन से नहीं, बल्कि पूरे तंत्र में संरचनात्मक सुधार से ही समस्या का समाधान संभव है।वर्तमान केन्द्र सरकार इस दिशा में शख्त कानून लाने, अपराधियों को कठोर सजा दिलाने तथा भविष्य में परीक्षाएं साफ-सुथरी हो, ऐसी व्यवस्था करने की बात कर रही है।यह सब निश्चित रूप यह सब स्वागत योग्य कदम है, किंतु किसी भी कानून की सफलता उसके कठोर, निष्पक्ष और समयबद्ध क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। यदि जांच वर्षों तक लंबित रहे और दोषियों को शीघ्र दंड न मिले, तो कठोर कानून भी अपना अपेक्षित प्रभाव नहीं छोड़ पाते। अतः इन विंदुओं पर सरकारों को विचार करना होगा।

मेरा ऐसा मानना है कि भारत में आवश्यकता ऐसी परीक्षा प्रणाली विकसित करने की है जिसमें प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक एन्क्रिप्शन, सुरक्षित डिजिटल ट्रांसमिशन, बहु-स्तरीय प्रमाणीकरण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी तथा प्रत्येक चरण का स्वतंत्र ऑडिट सुनिश्चित हो। परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं की जवाबदेही स्पष्ट हो, सुरक्षा प्रोटोकॉल का नियमित परीक्षण हो और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध भी समान रूप से कार्रवाई हो। साथ ही परीक्षा माफिया के आर्थिक नेटवर्क को धनशोधन निरोधक कानूनों तथा संगठित अपराध संबंधी प्रावधानों के माध्यम से पूरी तरह ध्वस्त किया जाए। यहां यह समझना आवश्यक होगा कि लोकतंत्र केवल दोषारोपण की व्यवस्था नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व, आत्मसुधार और संस्थागत सुधार की व्यवस्था है। यदि किसी मंत्री का इस्तीफा नैतिक उत्तरदायित्व के आधार पर आवश्यक समझा जाए, तो वह एक राजनीतिक निर्णय हो सकता है। किंतु उसे अंतिम समाधान मान लेना समस्या की जड़ों से आँखें मूंद लेने जैसा होगा।

मेरा ऐसा मानना है कि देश के युवाओं को केवल प्रतीकात्मक कार्रवाई की मांग तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्हें ऐसी पारदर्शी, विश्वसनीय, तकनीक-सुरक्षित और जवाबदेह परीक्षा व्यवस्था की मांग करनी चाहिए, जिसमें सफलता का आधार केवल प्रतिभा, परिश्रम और ईमानदारी हो। लोकतंत्र की वास्तविक विजय किसी व्यक्ति के पद छोड़ने में नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था के निर्माण में है, जहाँ भविष्य में किसी भी विद्यार्थी को यह भय न रहे कि उसकी वर्षों की मेहनत किसी पेपर लीक या संगठित भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएगी। अंततः व्यक्तियों का परिवर्तन नहीं, बल्कि व्यवस्था का परिवर्तन ही किसी भी लोकतंत्र की सबसे बड़ी सफलता है।

लेखक




**प्रो.मनमोहन प्रकाश**

## 'हर्ष की फुहार!'..

प्रेम के स्वर में सदा,
गुनगुनाता जाऊँगा।
इस सृजन को हमेशा,
समरसता सिखलाऊँगा।
खंड-खंड होती धरा को,
एक करने के लिए।
लेखनी से मैं अपनी,
नवलसुधा बरसाऊँगा।
बलवानों की लाठियाँ,
कितनी भी चलती रहें।
इन आँधियों का सामना कर,
एकत्व धरा पर लाऊँगा।
चुन-चुन कर फूलों को,
माला में पिरोकर स्नेह से,
माँ भारती के कंठ में;
पुष्पहार पहनाऊँगा।
ज़िन्दगी भी मुस्कुरा कर,
पुकारेगी एक दिन।
सरल शब्दों में जब मैं,
हाल-ए-दिल सुनाऊँगा।
प्रेरणा जो आपकी,
इसी तरह मिलती रहे।
भावनाओं से मैं,
इक नया मौसम
सर्जाऊँगा।
कामना है यही
'यमुनेश्वरी',
आयेगा परिवर्तन।
अपनी लेखनी
से मैं सदा;
हर्ष की फुहार लाऊँगा।

रचनाकार



**वल्लभ यमुनेश्वरी**
**नैनपुर**

## दशा महा दशा

जब अंहकार में।
सत्ता खो जाती है।
तब अत्ता का जन्म होता है।
इतिहास गवाह है।
यही दशा महा दशा।
वर्तमान परिदृश्य
में देख लीजिए।
समस्याधारी वही।
सफल होता है।
जो समय रहते।
समस्याग्रस्त
को हल कर लें।
समस्या द्वार पर खड़ी है।
कच्चे कानों का साथ है।
जो कहे सत्य है।
उन्हें कोई मतलब नहीं है।
कोई घिसे-पिटे
घिरे-घसीटे खाए।
उन्हें इसी में
मजा आ रहा है।
आजादी का संघर्ष।
वर्तमान संघर्ष
में कितना अंतर?

रचनाकार



**आचार्य डॉ. वीरेन्द्र सिंह गहरवार 'वीर'**

## ये कैसी रामभक्ती है?

स्वयं को रामभक्त कहनेवाले
रामायण से कुछ तो सिख लेते।
कृष्ण को जगत् गुरू कहनेवाले
महाभारत से कुछ तो सिख लेते।

नीट पेपर फूटने के बाद
नैतिक जिम्मेदारी लेते हुये
केवल शिक्षा मंत्री का
इस्तिफा मांगा गया था
लेकिन नही दिया गया
ना ही लिया गया।

इसके विरोध में आंदोलन तथा
उपोषण सुरू किया गया
20- 21 दिन तक सरकार
अपने आप में मस्त रही
इस्तिफा देना तो दूर
कोई चर्चा करने भी नही आया
जब मोर्चा निकला तब उसपर
डंडे बरसाये गये, ऑसु गैस छोडी गई
अब पुरे देश में आंदोलन को
हवा मिल रही है और सरकार
अभी भी अपने फैसले पर अडिग है
अर्थात सरकार स्वयं आंदोलन के लिये
घी का काम कर रही।
केवल एक इस्तिफे से आंदोलन
समाप्त होकर शांती बहाल होती है
तो बहुत सस्ते में हो रही है
लेकिन सरकार नही चाहती की
शांति स्थापित हो।

वह रामभक्ती का दम तो भरती है
लेकिन राम के आदर्शो से कोसो दूर है
राम ने पिता की आज्ञा के खातिर
राजतिलक छोडकर वनगमन किया था
यहाँ एक मंत्री इस्तिफा नही दे सकता
और सरकार इस्तिफा नही ले सकती
ये कैसी राम भक्ती है?

रचनाकार



**चिरंजीव बिसेन**
**गोंदिया**

## उत्साह..

नया सूर्य उदय, नया सवेरा,
निकल उठा खुशियों का फुवेरा,
चारों ओर हरियाली छाई,
नए दिन की ताजगी आई।

इस सुहाने दिन नया काम करेंगे,
हम स्कूल चलेंगे, खूब पढ़ेंगे,
मस्ती करेंगे साथ मिलकर,
स्कूल चलेंगे साथ मिलकर।

भविष्य सवार ने हम स्कूल चलेंगे,
किताबों के संग हमेशा रहेंगे,
सूर्य निकला अंबर से धूप यह छा गई,
सर सराती हवाओं के
संग ताजगी यह आ गई।

रात को तारों के नीचे सोकर,
सुबह की बेला से मंत्रमुक्त होकर,
हम आज स्कूल चलेंगे,
खूब पढ़ेंगे, खूब खेलेंगे।

स्कूल चलेंगे लेकर ईश्वर का नाम,
करेंगे देश के लिए कोई अच्छा काम,
अपना भविष्य बनाएंगे,
हम अपना कर्तव्य निभाएंगे।

रचनाकार



**प्रणव राज,**
**कैमूर, बिहार**

## सबब..


समय होता है क्या ये सबक सिखा गया
असहाय देख कर ताकत दिखा गया

सब्र होता है क्या उसको कौन समझाएगा
जो था कुछ और कुछ और ही दिखा गया ।

जिसे समझ रहे थे निकम्मा जाहिल गवार
वही उन्हें कीमती सबब सिखा गया
वक़्त की ठोकरों ने इतना मज़बूत कर दिया,
जो कल नज़रअंदाज़ था,
आज वही पहचान बना गया।

**शैलेश दिवेवार नागरा**
**9764143751**


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 228



ck;I I nk;I I& 1) भारतीय क्रिकेट संघ का एक भूतपूर्व कप्तान 8) एक पुरानी फिल्म अभिनेत्री जो राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुयी थी 10) चांवल के टुकड़े 12) भाव, मूल्य 13) कामदेव का एक नाम 14) बहुमूल्य पत्थर, रत्न 15) जोखीमभरा 18) एक पंक्ति में खड़े हुए लोग 20) नामांकित, प्रसिद्ध 21) श्रीगणेश 23) पृथ्वी के नीचे का सातवां लोक 24) लिखाई करना 25) रातभर जागने की क्रिया 26) वह अनाज जिससे तेल निकाला जाता है 28) बाघ की जाति का एक प्राणी 30) निषेध, अस्वीकार, इनकार 32) राजस्थान का एक प्रमुख शहर 33) जुलूस में सामूहिक रुप से लगायी जानेवाली घोषणा 35) 'कर्ता' का अपभ्रंश 37) वह भूमि जिसमें रेह का भाग अधिक रहता है 39) घटना, कामकाज, विवद, मुकदमा 41) जिस समय 42) वास्तव में 44) यात्रियों को या माल को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने की क्रिया 46) एक पक्षी विशेष, पपीहा 47) शाति 48) फलीभूत होना, लाभदायक होना 49) 'त्रिया' का अपभ्रंश रुप 50) एक मुसलमान जाति 52) पुरुष 53) शराब 54) क्रीड़ा करना 55) कई सिपाहियों का प्रधान, हेड कांस्टेबल 58) अवैद्य, अयोग्य 60) आज के बाद आनेवाला दिन 61) हत्या 64) किसी चीज के अभाव का दुःख सहना 66) इजार बन्द, कमर में पहनने का एक जेवर 68) तेल निकालकर बेचनेवाली जाति 69) बकरा 70) छुट्टी, अनुमति 71) अलिबाबा और चालिस चोर की कहानी में अलिबाबा के बड़े भाई का नाम 73) भारत का एक प्रगतशील राज्य 75) समुद्र के किनारे का वह स्थान जहां बड़े जहाज ठहरते है 77) एक पुराने कांग्रेसी नेता जो मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रह चुके है 78) अंग्रेजी में कोयला 79) क्रिकेट की बैट का हिन्दी पर्याय 80) बड़ी नदी 81) गोल घेरा, मंडल 82) सोना, सुवर्ण 83) सूजी 85) जिसका कोई उत्तराधिकारी न हो 87) नई दिल्ली का एक प्रसिद्ध इलाका जहां संसद सदस्यों का निवास है 89) बिगाड़, बोलचाल न होना 90) सिरा, चोटी 91) धुन, विवाह 92) अल्पाहार 93) खैरात 94) बारह राशियों में एक 95) अपने देश के एक भूतपूर्व प्रधानमंत्री 98) पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के एक भूतपूर्व कप्तान 101) गुजरात का एक प्रमुख शहर 105) दक्षिण भारत की एक बड़ी नदी 107) भारत का एक पड़ौसी देश 108) सर्प के पास रहनेवाला मणि 109) वंदन के लिए जिसका सिर झुका हुआ हो 110) वधू का पहले पहल पति के घर जाना, गौना

Åij I ulp I& 1) गणेशजी का प्रिय मिष्टान्न 2) महाराष्ट्र में सौभागयवती स्त्रियोंद्वारा किया जानेवाला एक व्रत 3) बिड़ी का कश 4) छोटा, तुच्छ, मामूली 5) लोगों का विचार 6) रोना 7) उष्ण व मुलायम 8) मर्दुमशुमारी,, देश के नागरिकों की गिनती करना 9) ब्रह्मा, जिन्होने सृष्टि की रचना की 10) किसी स्थान को चारों ओर से घेरनेवाला मोटा कपड़ा 11) नकल करनेवाला 16) भवसागर पार करनेवाला, ईश्वर 17) पृथ्वी 19) हिफाजत से रखने क्रिया, देखभाल 22) माथे पर लगाया जानेवाला चन्दन का टिका 25) लोक प्रसिद्ध 27) हमेशा, सदैव 29) जो बासा न हो 30) हिमालय के लिए प्रयुक्त एक विशेषण, पहाड़ों में श्रेष्ठ 31) पाटने की क्रिया या भाव, कच्ची या पक्की छत 32) कठिन काम करने की जिम्मेदारी लेना इस अर्थवाला एक मुहावरा 34) व्ही. शांतारामजी ने अपनी प्रायः सभी फिल्में इस बॅनर तले बनायी है 36) नाकामयाब 38) पहरा देनेवाला 40) विवश 43) सुंदर स्त्री 45) संगीत का अभ्यास 47) राजस्थान का एक प्रसिद्ध पहाड़ 51) नाजुकपन 52) निगरानी में रखा हुआ, नजरबंदी की सजा दिया हुआ 54) दुःखद, खेदपूर्ण 56) मृत्यु – जनित शोक 57) एक बंगाली मिठाई 59) मृत्यु देवता 60) कदर करनेवाला 62) देश की जनता 63) एक पेय उत्पादन या उत्पादक कंपनी 65) घमंड 67) जो खुला न हो 68) ईरान की राजधानी 69) श्रीलंका क्रिकेट टीम के एक भूतपूर्व कप्तान 70) नसनस 72) सिलाने का काम दूसरे से करवाना 74) शासनद्वारा नागरिकों को कम दाम पर शक्कर, अनाज आदि देने की की गयी व्यवस्था 76) नदारद, लापता 77) हमेशा 79) पर्याप्त 80) नाक में पहना जानेवाला एक अलंकार, नथनी 84) मर्कट 86) नाता 87) जन्म देना 88) शौर्य 89) अपरिचित 91) करीब करीब 93) सेविका 95) गुप्तचर, भेदिया, दूत, आयुर्वेद के एक प्रधान आचार्य 96) अर्जुन ...., मध्य प्रदेश के एक मुख्यमंत्री 97) एक सुगंधित पीला फूल 98) जंगल 99) न चलनेवाला, स्थिर, पर्वत 100) रत्न, गोलक 102) विचार 103) गीला 104) 'गश्त' का अपभ्रंश रुप 108) द्रव का बहना (जवाब अगले अंक में)

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।





जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# भारत को अमेरिका ने 10 प्रतिशत शुल्क की श्रेणी में रखा, व्यापार समझौते के लिए प्रतिबद्धः मंत्रालय

नई दिल्ली, (भाषा)।

***सरकार ने शनिवार को कहा कि भारत को अमेरिकी प्रशासन की धारा 301 जांच के तहत लगाए गए अतिरिक्त शुल्क के मामले में 10 प्रतिशत की निचली श्रेणी में रखा गया है। इसके साथ ही सरकार ने अमेरिकी के***

साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को जल्द अंतिम रूप देने की प्रतिबद्धता जताई। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) ने 23 जुलाई को अमेरिकी व्यापार अधिनियम, 1974 की धारा 301 के तहत अंतिम उपायों की घोषणा करते हुए 24 जुलाई से भारतीय वस्तुओं पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लागू किया है।

यह कदम भारत समेत 60 अर्थव्यवस्थाओं की जांच के बाद उठाया गया है जिन पर बंधुआ मजदूरी (फोर्स्ड लेबर) से तैयार उत्पादों के आयात को लेकर पर्याप्त कदम न उठाने का आरोप था।

अमेरिका ने शुरुआत में भारत पर 12.5 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव दिया था। हालांकि बाद में इसे घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया। इसने 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए लगाए गए 10 प्रतिशत अस्थायी शुल्क की जगह ली है।

वाणिज्य मंत्रालय ने अमेरिकी सरकार के इस फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि जांच के दौरान भारत ने लिखित प्रस्तुतियों, सार्वजनिक सुनवाई और प्रत्यक्ष परामर्श के जरिए यूएसटीआर के साथ लगातार संपर्क बनाए रखा।



मंत्रालय ने कहा, ÷इन प्रयासों के परिणामस्वरूप भारत को अतिरिक्त शुल्क की निचली श्रेणी में रखा गया है, जिससे भारतीय निर्यात को प्रमुख क्षेत्रों में तुलनात्मक लाभ मिलेगा।÷

आधिकारिक बयान के मुताबिक, अमेरिका को होने वाली कुल भारतीय निर्यात (2025-26 में 87.31 अरब डॉलर) का एक बड़ा हिस्सा इस अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क से बाहर है। इनमें जेनेरिक दवाएं, स्मार्टफोन और कुछ अन्य उत्पाद शामिल हैं।

वहीं, इस्पात, एल्यूमीनियम और वाहन कलपुर्जे जैसे उत्पाद पहले से लागू धारा 232 शुल्क के दायरे में आते हैं, इसलिए उन पर 10 प्रतिशत का नया शुल्क लागू नहीं होगा।

मंत्रालय ने कहा कि इन छूटों के कारण भारत के करीब 45 प्रतिशत निर्यात इस अतिरिक्त शुल्क के दायरे से बाहर हैं जबकि बाकी 55 प्रतिशत निर्यात पर यह लागू होगा। हालांकि भारत पर शुल्क का प्रभाव जांच में शामिल अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अपेक्षाकृत कम है।

आर्थिक थिंकटैंक जीटीआरआई के मुताबिक, इन उत्पादों का भारत के कुल निर्यात में लगभग आठ प्रतिशत हिस्सा है और इन पर सामान्य अमेरिकी एमएफएन (सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र) शुल्क के अलावा 25 प्रतिशत या 50 प्रतिशत तक का शुल्क लगता है।

हालांकि वस्त्र क्षेत्र को लेकर चिंता बनी हुई है, क्योंकि भारत को नए शुल्क-दर कोटा (टीआरक्यू) व्यवस्था के तहत छूट नहीं मिली है, जबकि बांग्लादेश, कंबोडिया, इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे देशों को सीमित मात्रा में रियायती शुल्क का लाभ दिया गया है।

उद्योग निकायों का कहना है कि इससे भारत के वस्त्र निर्यात, खासकर मध्यवर्ती उत्पादों पर असर पड़ सकता है। अमेरिका भारत के वस्त्र और परिधान निर्यात के लिए सबसे बड़ा बाजार है, जहां निर्यात करीब 11 अरब डॉलर का रहता है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पहले विश्वास जताया था कि भारत को अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते के तहत अमेरिकी कपास और धागे से बने परिधानों पर रियायती शुल्क का लाभ मिल सकता है। सरकार ने कहा कि अंतिम उपायों में संदर्भित वस्त्र-विशिष्ट व्यवस्था को अभी स्थापित और लागू किया जाना बाकी है और भारत इस विषय पर द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए जारी वार्ताओं के हिस्से के रूप में अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखे हुए है।

मंत्रालय ने कहा, ÷सरकार इस साल दो फरवरी को घोषित और सात फरवरी को जारी संयुक्त बयान के अनुरूप भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को शीघ्र पूरा करने की दिशा में अमेरिका के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।÷

यूएसटीआर ने इस साल मार्च में भारत सहित कई देशों के खिलाफ धारा 301 के तहत दो जांच शुरू की थीं। ये जांच बंधुआ मजदूरी और अतिरिक्त औद्योगिक क्षमता से जुड़े मुद्दों पर केंद्रित थीं।

जून में अमेरिका ने आरोप लगाया कि कुछ देश बंधुआ मजदूरी से बने उत्पादों के आयात पर रोक लगाने में विफल रहे हैं। इसके आधार पर भारत सहित 54 देशों पर 12.5 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा गया था जबकि पाकिस्तान और यूरोपीय संघ समेत छह क्षेत्रों के लिए 10 प्रतिशत शुल्क प्रस्तावित किया गया था। इसके बाद जुलाई में भारत ने अपनी विदेश व्यापार नीति में संशोधन कर बंधुआ मजदूरी से तैयार उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया। इस कदम को ध्यान में रखते हुए अमेरिका ने भारत पर 10 प्रतिशत शुल्क लागू किया। अमेरिका ने अभी तक अतिरिक्त औद्योगिक क्षमता से जुड़े मामले पर कोई रिपोर्ट जारी नहीं की है।

# ओएनजीसी ने महानदी बेसिन में पहले गहरे समुद्री खोजी कुएं की ड्रिलिंग शुरू की..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***सार्वजनिक क्षेत्र की तेल-गैस कंपनी ओएनजीसी ने शनिवार को ओडिशा तट के पास महानदी अपतटीय बेसिन में अपने पहले गहरे समुद्री खोजी कुएं की ड्रिलिंग शुरू कर दी।***



यह भारत में गहरे और बहुत गहरे समुद्री हाइड्रोकार्बन संसाधनों के दोहन के लिए एक महत्वाकांक्षी अभियान की शुरुआत माना जा रहा है। ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने एक बयान में कहा कि उसने सरकार के 'समुद्र मंथन' मिशन के तहत एमएन-डीडब्ल्यू18-1-एच-डी नामक खोजी कुएं की ड्रिलिंग शुरू की है। यह कुआं ओडिशा तट से दूर कोणार्क खोज क्षेत्र से लगभग 23 समुद्री मील की दूरी पर स्थित है।

हाल के उत्कल और कोणार्क खोजों ने महानदी अपतटीय बेसिन में हाइड्रोकार्बन संभावनाओं को मजबूत किया है और यह ड्रिलिंग अभियान उसी दिशा में आगे की कड़ी है। कंपनी ने कहा कि यह पहल देश के अपतटीय तेल और गैस भंडार के अन्वेषण को तेज करने के प्रयासों का हिस्सा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त, 2025 को अपने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में देश की अप्रयुक्त अपतटीय हाइड्रोकार्बन क्षमता के दोहन पर जोर दिया था। इसी दृष्टि के अनुरूप सरकार ने करीब 10 लाख वर्ग किलोमीटर अपतटीय क्षेत्रों को अन्वेषण के लिए खोल दिया है, जिससे मुक्त क्षेत्र लाइसेंस नीति (ओएएलपी) के आगामी चरणों में नए ब्लॉकों की पेशकश का रास्ता साफहुआ है।

अनुमान है कि देश के पूर्वी और पश्चिमी अपतटीय बेसिन में 560 करोड़ टन तेल समतुल्य (एमएमटीओई) से अधिक हाइड्रोकार्बन संसाधन मौजूद हैं। कावेरी, महानदी और अंडमान बेसिन में हाल की खोजों ने अपतटीय अन्वेषण की संभावनाओं को और मजबूत किया है। कंपनी ने कहा, ÷यह ड्रिलिंग भारत के सबसे चुनौतीपूर्ण गहरे समुद्री अन्वेषण अभियानों में से एक की शुरुआत है। प्रत्येक खोज और उत्पादन देश में घरेलू आपूर्ति बढ़ाने, आयात निर्भरता घटाने और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने में योगदान देगी।÷




# महाराष्ट्र में ऊंचे दाम पर नेफेड की बिकवाली से सोयाबीन तिलहन में सुधार

नई दिल्ली, (भाषा)।

***मंडियों में सोयाबीन की कम आवक के बीच महाराष्ट्र में सहकारी संस्था नेफेड द्वारा ऊंचे दाम पर प्लांट संचालकों को सोयाबीन की बिकवाली करने से देशभर की मंडियों में शनिवार को सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम में सुधार दर्ज किया गया।***

बाजार सूत्रों ने कहा कि मजबूत मांग के चलते मूंगफली तेल-तिलहन की कीमतों में भी तेजी रही, जबकि गुजरात में ब्रांडेड कंपनियों की बढ़ती मांग के कारण बिनौला तेल में भी सुधार देखा गया।

वहीं, ऊंचे भाव पर लिवाली प्रभावित रहने से सरसों तेल-तिलहन के दाम गिर गए। कमजोर कामकाज के बीच सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम स्थिर रहे।

सूत्रों ने बताया कि बाजार में सोयाबीन की उपलब्धता सीमित है। जिन किसानों को पहले ऊंचे दाम मिल चुके हैं, वे कीमतों में कमी की स्थिति में आवक घटा देते हैं। शनिवार को मंडियों में सोयाबीन की आवक घटकर करीब 55 हजार बोरी रह गई।

नेफेड ने महाराष्ट्र में प्लांट संचालकों को 7,521 रुपये प्रति क्विंटल के ऊंचे भाव पर सोयाबीन की बिक्री की, जिसमें मालभाड़ा अलग से जोड़ा जाएगा। सूत्रों ने कहा कि जो प्लांट संचालक नेफेड से ऊंचे दाम पर खरीद कर रहे हैं, वहीं किसानों से कम कीमत पर खरीदने की कोशिश करते हैं। उन्होंने बताया कि बिनौला तेल की औद्योगिक मांग ब्रांडेड कंपनियों की ओर से मजबूत बनी हुई है, जिससे इसके दाम में सुधार हुआ। वहीं अधिक मांग के कारण मूंगफली तेल की कीमतों में भी तेजी रही। एक्सपेलर से निकला मूंगफली तेल सीधे उपभोग में आता है, जबकि बिनौला तेल को प्रसंस्करण के बाद इस्तेमाल किया जाता है, जिससे मूंगफली तेल की मांग बढ़ रही है।

इस बीच, ऊंचे भाव के कारण लिवाली कमजोर रहने से सरसों तेल-तिलहन के दाम में गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर, कमजोर कारोबार के चलते सोयाबीन तेल, कच्चा पाम तेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल के दाम स्थिर रहे।

## तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे...

सरसों तिलहन - 8,150-8,175 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 7,375-7,950 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 17,100 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,680-2,980 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 16,625 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,705-2,805 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,705-2,855 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,750 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,600 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,250 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,800 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 16,750 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,700 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,500 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,450-7,500 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 7,300-7,400 रुपये प्रति क्विंटल।

# अमेरिका के धारा 301 उपायों के तहत भारत पर लगा कम शुल्क, 45 प्रतिशत निर्यात दायरे से बाहरः मंत्रालय

नई दिल्ली, (भाषा)।

***सरकार ने शनिवार को कहा कि अमेरिका ने कथित बंधुआ मजदूरी से जुड़ी धारा 301 जांच के तहत उठाए गए कदमों के अंतर्गत भारत को 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क की निचली श्रणी में रखा है।***



अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) के कार्यालय ने 23 जुलाई को अमेरिकी व्यापार अधिनियम, 1974 की धारा 301 के तहत संबंधित देशों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की थी।

ये उपाय भारत सहित 60 अर्थव्यवस्थाओं के कृत्यों, नीतियों और प्रथाओं की जांच के बाद किए गए हैं, जो बंधुआ मजदूरी (फोर्स्ड लेबर) से उत्पादित वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगाने और उसके अनुपालन से संबंधित हैं।

यूएसटीआर ने भारत से आयात पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क लगाया है। शुरुआत में अमेरिका ने 12.5 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा था।

बंधुआ मजदूरी से तैयार उत्पादों के आयात को लेकर गई जांच के दौरान भारत ने विस्तृत लिखित प्रस्तुतियों एवं प्रत्यक्ष परामर्श के माध्यम से यूएसटीआर के साथ लगातार निकट संपर्क बनाए रखा। उसने सार्वजनिक सुनवाई में भी शिरकत की।

वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ÷लगातार किए गए इन प्रयासों का नतीजा यह है कि भारत को अंतिम उपायों के तहत अतिरिक्त शुल्क के निचले स्तर में रखा गया है, जिससे प्रमुख क्षेत्रों में भारतीय निर्यात को तुलनात्मक लाभ मिलेगा।÷

मंत्रालय ने कहा कि भारत के अमेरिका को होने वाले निर्यात का एक बड़ा हिस्सा, जिस पर वर्तमान में कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगता, अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क के दायरे से बाहर बना हुआ हैं। इनमें जेनेरिक दवाएं, स्मार्टफोन और कुछ अन्य निर्दिष्ट उत्पाद शामिल हैं।

इसके अलावा, यूएसटीआर की धारा 232 उपायों के तहत पहले से शामिल इस्पात, एल्युमिनियम और वाहन कलपुर्जे जैसे उत्पाद इस अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क के अधीन नहीं हैं।

अमेरिका व्यापार प्रशासन की धारा 232 में शामिल शुल्क सीमित अपवादों के साथ व्यापक रूप से सभी देशों पर लागू होते हैं।

मंत्रालय ने कहा, ÷इन छूटों के कारण, अनुमानतः भारत के अमेरिका को होने वाले निर्यात का 45 प्रतिशत हिस्सा अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क के दायरे से बाहर बना हुआ है।÷

मंत्रालय के मुताबिक, बाकी 55 प्रतिशत निर्यात पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क लगेगा, लेकिन भारत पर शुल्क का प्रभाव जांच में शामिल अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अपेक्षाकृत कम है।

सरकार ने यह भी कहा कि अंतिम उपायों में संदर्भित वस्त्र-विशिष्ट व्यवस्था को अभी स्थापित और लागू किया जाना बाकी है और भारत इस विषय पर द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए जारी वार्ताओं के हिस्से के रूप में अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखे हुए है।

मंत्रालय ने कहा, ÷सरकार इस साल दो फरवरी को घोषित और सात फरवरी को जारी संयुक्त बयान के अनुरूप भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को शीघ्र पूरा करने की दिशा में अमेरिका के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।÷

# पेंट्री कार में खराब गुणवत्ता वाला खाद्य पदार्थ बेचने पर एफएसएसएआई ने जुर्माना लगाया..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने शनिवार को कहा कि चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के पेंट्री कार में खराब गुणवत्ता वाला खाद्य पदार्थ बेचने पर 'सोपान रेस्तरां' के खिलाफजुर्माना लगाया गया है।***



खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि खराब गुणवत्ता के खाद्य पदार्थ की बिक्री के मामले में पेंट्री कार संचालक सोपान रेस्तरां के खिलाफजुर्माना लगाने का आदेश पारित किया गया है।

हालांकि, नियामक ने यह जानकारी नहीं दी कि पेंट्री कार संचालक पर कितना जुर्माना लगाया गया है। प्राधिकरण ने कहा कि यह आदेश पेंट्री कार संख्या 15904 (चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस) से लिए गए 'नोवा फ्लेवर्ड डबल टोंड मिल्क' के नमूने की जांच के बाद जारी किया गया। इस नमूने की जांच असम स्थित राज्य जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला में की गई थी। खाद्य विश्लेषक ने अपनी रिपोर्ट में इस नमूने को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत खराब गुणवत्ता वाला पाया।

एफएसएसएआई ने कहा कि अलीपुरद्वार के अधिकारी ने आदेश पारित करते हुए खराब गुणवत्ता का खाद्य पदार्थ बेचने के लिए सोपान रेस्तरां के अधिकृत प्रतिनिधि पर जुर्माना लगाया गया है। इस हफ्ते की शुरुआत में एफएसएसएआई ने पंजाब स्थित रिहान हेल्थकेयर का लाइसेंस निलंबित कर दिया था। जांच के दौरान कंपनी के स्वास्थ्यवर्धक एवं पोषक तत्वों के विनिर्माण संयंत्र में नियमों के गंभीर उल्लंघन पाए गए थे।

# विड़िणगम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह पर 18 अगस्त से शुरू होगा माल का आयात - निर्यात..

तिरुवनंतपुरम, (भाषा)।

***केरल में स्थित विड़िणगम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह को विदेशों के साथ सामान का आयात और निर्यात शुरू करने के लिए सीमा शुल्क विभाग की मंजूरी मिल गई है। बंदरगाह की संचालक कंपनी विड़िणगम***



इंटरनेशनल सी-पोर्ट लिमिटेड (वीआईएसएल) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने बंदरगाह को 18 अगस्त से आधिकारिक तौर पर निर्यात-आयात कार्गो परिचालन शुरू करने की अंतिम मंजूरी दे दी है।

सीबीआईसी के 24 जुलाई को जारी आदेश के मुताबिक, तिरुवनंतपुरम के पास स्थित विड़िणगम अंतराष्ट्रीय बंदरगाह अब तक केवल अंतरराष्ट्रीय पारवहन केंद्र के रूप में कार्य कर रहा था, लेकिन 18 अगस्त, 2026 से यहां माल के निर्यात-आयात का परिचालन भी शुरू हो जाएगा।

वर्तमान में बंदरगाह से संबद्ध कोई निर्धारित कंटेनर फ्रेट स्टेशन (सीएफएस) नहीं होने के कारण सीबीआईसी ने निर्यात-आयात कार्गो के प्रबंधन के लिए कई शर्तें निर्धारित की हैं।

कंटेनर फ्रेट स्टेशन बंदरगाह के पास स्थित एक ऐसा केंद्र होता है, जहां आयात और निर्यात होने वाले कंटेनरों में रखे सामान की जांच, पैकिंग, खोलने, दोबारा भरने और सीमा शुल्क से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी की जाती हैं।

इसके तहत आयात परिचालन केवल प्रत्यक्ष बंदरगाह आपूर्ति के लिए पात्र पूर्ण कंटेनर भार वाले कंटेनरों तक सीमित रहेगा। ऐसे कंटेनरों को बंदरगाह पर पहुंचने के 48 घंटे के भीतर सीधे आयातक के परिसर तक पहुंचाना होगा।

# विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433


# शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के चलते कांग्रेस का धरना आंदोलन स्थगित

## मुद्दों पर पार्टी का विरोध जारी रहेगा- सुश्री हीना कावरे..





जगप्रेरणा लांजी।

***नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे, किसानों को रासायनिक उर्वरकों की बढ़ती कीमतों एवं किल्लत से राहत दिलाने सहित विभिन्न जनहित के मुद्दों***

को लेकर 25 जुलाई को लांजी में प्रस्तावित कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव एवं मध्यप्रदेश विधानसभा की पूर्व उपाध्यक्ष सुश्री हिना कावरे ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा देने तथा छात्रों की प्रमुख मांगों पर सरकार द्वारा सहमति जताए जाने के बाद पार्टी ने फिलहाल धरना-प्रदर्शन स्थगित करने का निर्णय लिया है।

सुश्री कावरे ने कहा कि कांग्रेस का संघर्ष केवल छात्रों के मुद्दों तक सीमित नहीं है, बल्कि किसानों के अधिकारों की लड़ाई भी पूरी मजबूती से जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश के किसानों को महंगे रासायनिक उर्वरकों, खाद की कमी तथा धान का 3100 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य दिलाने जैसे मुद्दों पर कांग्रेस लगातार आंदोलन करती रहेगी। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े विषयों पर सरकार को जवाबदेह बनाने के लिए समय-समय पर आंदोलन और जनजागरण अभियान जारी रहेंगे।

उन्होंने कहा कि किसानों की परेशानियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। खेती-किसानी की रीढ़ माने जाने वाले किसानों को यदि समय पर उचित मूल्य पर खाद और आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं होंगे तो इसका सीधा असर कृषि उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। कांग्रेस इन मुद्दों को लगातार उठाती रहेगी।

## डबलमनी मामले में शुरू से रही मुखर..

चर्चा के दौरान सुश्री हिना कावरे ने बहुचर्चित डबलमनी प्रकरण पर भी अपनी स्पष्ट राय रखी। उन्होंने कहा कि वह इस तरह की अवैध योजनाओं के खिलाफशुरू से ही आवाज उठाती रही हैं। अपने विधायक कार्यकाल के दौरान उन्होंने इस संबंध में विधानसभा में भी प्रश्न उठाया था और क्षेत्र के लोगों से ऐसे लालच और झूठे प्रलोभनों से दूर रहने की अपील की थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के नेतृत्व में इस मामले में प्रभावी कार्रवाई की जा रही है, जिसकी सराहना की जानी चाहिए। उनका विश्वास है कि पुलिस शीघ्र ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर कानून के दायरे में लाएगी।


सुश्री कावरे ने यह भी कहा कि जिन लोगों ने डबलमनी योजना में अपनी मेहनत की कमाई निवेश की थी और आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है, उन्हें शासन-प्रशासन के माध्यम से उनकी राशि वापस दिलाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने भरोसा जताया कि जांच निष्पक्ष तरीके से आगे बढ़ रही है और इस प्रकरण में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

अंत में उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति इस प्रकरण का पीड़ित है तो वह बिना किसी भय के पुलिस के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराए और कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से अपनी जमा राशि वापस पाने का प्रयास करे। कांग्रेस पार्टी ऐसे सभी पीड़ितों के साथ खड़ी है और जनहित के हर मुद्दे पर अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी।

# देवलगांव में चरनोई भूमि और श्मशान घाट के पास अतिक्रमण हटने से ग्रामीण खुश..

## गौ-वंश को चराने से मिली किसानों को राहत..







जगप्रेरणा लांजी।

***देवलगांव में शासकीय चरनोई भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान 25 जुलाई को भी पूरे उत्साह के साथ जारी रहा। राजस्व विभाग, पुलिस प्रशासन और ग्रामीणों की मौजूदगी में***

चिन्हित भूमि पर सीमांकन, झंडीकरण और शेष अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। सबसे भावुक और सुखद पल तब देखने को मिला, जब वर्षों बाद अतिक्रमण से मुक्त हुई विशाल चरनोई भूमि पर गांव के मवेशियों को चरने के लिए छोड़ा गया। खुले मैदान में सैकड़ों मवेशियों को निश्चिंत होकर विचरण करते देख ग्रामीणों की आंखों में संतोष साफ झलक रहा था। यह दृश्य किसी सुंदर स्वप्न से कम नहीं था।

करीब 90 एकड़ से अधिक शासकीय चरनोई भूमि और शमशान घाट की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के बाद अब गांव के दो से तीन हजार मवेशियों के लिए पर्याप्त चराई क्षेत्र उपलब्ध हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से जिस भूमि पर अवैध कब्जे थे, आज उसी भूमि पर मवेशियों का स्वतंत्र रूप से चरना गांव की सबसे बड़ी जीत है।

## गांव की साझा धरोहर, आने वाली पीढ़ियों और पशुधन के भविष्य को बचाने का अभियान..

ग्रामीणों ने बताया कि यह सिर्फअतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं, बल्कि गांव की साझा धरोहर, आने वाली पीढ़ियों और पशुधन के भविष्य को बचाने का अभियान है। पूरे गांव की एकजुटता, सरपंच श्रीमती पुष्पा कमलकिशोर ठाकरे, समस्त पंच व ग्रामीणों की पहल तथा राजस्व एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से यह संभव हो सका।

25 जुलाई को हुए अभियान के दौरान ग्रामीण स्वयं सीमांकन कार्य में शामिल हुए और मुक्त कराई गई भूमि पर झंडियां लगाकर गोचर भूमि की सीमा को सुरक्षित किया। इसके बाद ग्रामीणों ने प्रतीकात्मक रूप से अपने मवेशियों को चरनोई भूमि पर छोड़ दिया। खुले मैदान में दौड़ते, चरते और विचरण करते मवेशियों का दृश्य गांव के लिए वर्षों के संघर्ष की सफलता का जीवंत प्रमाण बन गया।

## काटे गए पलाश सहित अन्य हरे-भरे पेड़ों की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग..

ग्रामीणों ने कहा कि अब इस भूमि पर दोबारा किसी प्रकार का अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। यदि भविष्य में किसी ने शासकीय चरनोई भूमि पर अतिक्रमण करने का प्रयास किया तो पूरा गांव फिर एकजुट होकर उसका विरोध करेगा। ग्रामीणों ने यह भी मांग की कि अतिक्रमण के दौरान काटे गए पलाश सहित अन्य हरे-भरे पेड़ों की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। देवलगांव की इस पहल ने यह संदेश दिया है कि जब पूरा गांव सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा के लिए एकजुट होकर खड़ा हो जाता है, तो वर्षों पुराने अवैध कब्जे भी टिक नहीं पाते। और जब मुक्त हुई चरनोई पर फिर से मवेशियों की घंटियां गूंजने लगती हैं, तो वह केवल जमीन की नहीं, बल्कि गांव की आत्मा की भी वापसी होती है।

# देवशयनी एकादशी पर श्रीराम मंदिर में हुआ सुंदरकांड पाठ..

## महाआरती पश्चात हुआ प्रसाद वितरण





जगप्रेरणा लांजी।

***देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर नगर के गुजरी चौक स्थित श्रीराम मंदिर में अग्रवाल महिला मंडल एवं ब्राह्मण महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में***

श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी की आराधना की। सुंदरकांड पाठ के दौरान संपूर्ण मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीहरि विष्णु के योगनिद्रा में प्रवेश करने वाले इस पुण्य पर्व पर धर्म, आस्था एवं लोककल्याण की मंगलकामना की। महिलाओं ने सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन एवं सुंदरकांड का सस्वर पाठ कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के समापन पर महाआरती संपन्न हुई तथा सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन में नगर की अनेक गणमान्य महिलाओं एवं धर्मप्रेमियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। महिला मंडलों ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, पारिवारिक संस्कार और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं।

# आषाढ़ी एकादशी पर भगवान विट्ठल रुखमाई की हुई भक्तिभाव से पूजा अर्चना..

## भक्ति के साथ भजनों से बांधा समां..






जगप्रेरणा लांजी।

***नगर व क्षेत्र का एक मात्र भगवान विठ्ठल-रूखमाई का मंदिर सुन्दरटोला में स्थापित है। यहां प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी देवशयनी एकादशी के अवसर पर 25 जुलाई को प्रातः से ही विविध***

कार्यक्रम संपन्न कराये गये। ज्ञात हो कि त्रिलोकराव रामटेक्कर जो कि वर्तमान में मुम्बई में निवास करते है के द्वारा अपने पैतृक निवास सुन्दर टोला लांजी में वर्ष 2012 में मंदिर का निर्माण कर पढंरपुर से भगवान विठ्ठल-रूखमाई की प्रतिमाओं को लाकर स्थापित किया गया है। तभी से प्रतिवर्ष उनके द्वारा देवशयनी एकादशी एवं देवउठनी एकादशी पर्व में लांजी पहुंचकर विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। इसी कड़ी में 25 जुलाई को देवशयनी एकादशी के चलते प्रातः भगवान का अभिषेक कर विधि विधान से पूजन-अर्चन किया गया। संध्या में शिव भजन संध्या सोहन बडमें एण्ड ग्रुप के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें भक्तों ने भक्तिमय वातावरण में भजनों का आनंद लिया। संध्या काल में भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर त्रिलोकराव रामटेक्कर एवं परिवार उपस्थित रहा।









### न्यायालय तहसीलदार लांजी, जिला बालाघाट(म.प्र.)

**।। ईश्तहार ।।**

रा. प्र.क.//अ-20(3) वर्ष 20
मौजा भानेगांव प.ह.न. 1
रा.नि.म. भानेगांव तहसील-लांजी
जिला बालाघाट (म.प्र.)

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि कार्यालय जिला सहकारी 'केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट शाखा भानेगांव द्वारा ग्राम. भानेगांव स्थित भूमि ख.न. 273/1 रकबा 2.388 हेक्ट. भूमि मे से 0.405 हेक्ट. भूमि पर रासायनिक खाद भण्डारण गोदाम निर्माण 'किये जाने हेतु भूमि आबंटन किये जाने के तहत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। अतः उपरोक्त आवेदन पत्र के सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हैं तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत अवधि बाद प्राप्त दावे/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

जारी दिनांक 02/07/2026

तहसीलदार
लांजी बालाघाट (म.प्र.)

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# दिन में सुकून, रात में कंपकंपाती ठंड.. कुछ ऐसा है कश्मीर का खूबसूरत सोनमर्ग

जगप्रेरणा बालाघाट।

***कश्मीर की हसीन वादियों में बसा सोनमर्ग अपने प्राकृतिक सौंदर्य, ठंडे मौसम और शांत वातावरण के कारण देश-विदेश के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। जुलाई जैसे गर्म महीने में भी यहां पहुंचते ही मौसम पूरी तरह बदल जाता है।***







दिन में ठंडी हवाएं और सुहावना वातावरण सुकून का एहसास कराते हैं, वहीं रात होते-होते ठंड इतनी बढ़ जाती है कि गर्म कपड़ों के बिना रहना मुश्किल हो जाता है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि वर्ष में केवल एक-दो महीने ही यहां अपेक्षाकृत कम ठंड रहती है, जबकि बाकी समय मौसम ठंडा ही बना रहता है। सर्दियों में पूरी घाटी बर्फ की मोटी चादर से ढक जाती है। यही कारण है कि यहां के अधिकांश घरों, होटलों और दुकानों में पंखे तक नहीं लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां गर्मी महसूस ही नहीं होती।

सोनमर्ग की हरी-भरी वादियां, बर्फसे ढकी पर्वत चोटियां और कल-कल बहती सिंध नदी पर्यटकों का मन मोह लेती हैं। कई हिंदी फिल्मों और म्यूजिक वीडियो की शूटिंग भी यहां की खूबसूरत लोकेशन पर हो चुकी है। गर्मियों में बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचकर कैंपिंग का आनंद लेते हैं। नदी किनारे बने कैंप पर्यटकों को प्रकृति के बेहद करीब रहने का अनूठा अनुभव कराते हैं।

यहां का स्थानीय बाजार भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। आमतौर पर पर्यटन स्थलों पर सामान महंगा मिलता है, लेकिन सोनमर्ग का बाजार अपेक्षाकृत किफायती है। स्थानीय लोग घोड़ों और खच्चरों के माध्यम से पर्यटकों को आसपास के दर्शनीय स्थलों और ग्लेशियरों तक ले जाते हैं, जिससे उनकी आजीविका भी चलती है।

सोनमर्ग सामरिक दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्र है। श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होने के कारण यहां भारतीय सेना के कई कैंप बने हुए हैं। सेना के जवान पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सतर्क निगरानी रखते हैं, जिससे पर्यटक स्वयं को पूरी तरह सुरक्षित महसूस करते हैं। प्राकृतिक सौंदर्य के साथ सेना की मौजूदगी यहां आने वाले हर पर्यटक के मन में विश्वास और सुरक्षा का भाव पैदा करती है। इस यात्रा में मेरे साथ गए मित्रों ने भी सोनमर्ग की प्राकृतिक सुंदरता, ठंडे मौसम, सिंध नदी के मनमोहक दृश्य, स्थानीय लोगों के आत्मीय व्यवहार और भारतीय सेना की सुरक्षा व्यवस्था की मुक्त कंठ से सराहना की। सभी का कहना था कि सोनमर्ग केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि ऐसा अनुभव है जिसे शब्दों में पूरी तरह बयां करना आसान नहीं। यहां बिताया गया हर पल जीवनभर याद रहने वाला बन जाता है।

# सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

जगप्रेरणा बैहर।

***नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए मध्य प्रदेश के सभी 20 जनजातीय जिलों में जनजातीय कार्य विभाग मध्य प्रदेश शासन के सहयोग से 21वीं***







सदी के जीवन कौशल के सफल क्रियान्वन हेतु नॉलेज पार्टनर के रूप में मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम का सफल संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम के नियमित क्रियान्वयन के लिए बालाघाट जिले के बैहर विकासखंड के पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैहर में शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण दो बैचों में दिनांक 24 जुलाई और 25 जुलाई 2026 को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों नरेश बघेल, लक्ष्मी ध्रुवे और लोकेश पटले के द्वारा प्रदान किया गया जिसमें प्रोग्राम मैनेजर सुधीर कुमार अग्रवाल के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

पूर्व ब्लॉक मैनेजर अमित शुक्ला भी उपस्थित रहे।प्रशिक्षण में पिछले वर्ष किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए तृतीय वर्ष के माड्यूल पर शिक्षकों की विस्तृत समझ विकसित की गई साथ ही जेंडर बदलाव , समता और समानता पर शिक्षकों के साथ गतिविधियों के माध्यम से चर्चा की गयी,साथ ही सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के प्रत्येक पहलुओं पर गतिविधि, डेमो एवं पी.पी.टी. के माध्यम से शिक्षकों की सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम पर समझ बनायी गयी। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में विकासखंड अधिकारी श्री एन.के. वैद्य सर के द्वारा शिक्षकों को सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम के उद्देश्य, कार्यक्रम की आवश्यकता, स्कूलों में सफल क्रियान्वयन और सक्षम के सभी बिंदुओं पर स्कूल में कार्य करने हेतु मार्गदर्शन दिया गया, साथ ही प्रशिक्षण के प्रथम और द्वितीय दिवस में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री दीपक तिवारी सर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण में ब्लॉक एकेडमिक कॉर्डिनेटर उर्मिला मेडम और रामकली धुर्वे मेडम उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण के सफल आयोजन में पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य श्री नेमचंद पटले सर और स्कूल के शिक्षकों का विशेष सहयोग मिला।

# दिवंगत नीट अभ्यर्थियों को श्रद्धांजलिः बिजाटोला में कैंडल जलाकर दो मिनट का मौन, परिजनों को 1 करोड़ मुआवजे की मांग

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***नीट परीक्षा से जुड़े घटनाक्रम के बाद जान गंवाने वाले विद्यार्थियों की स्मृति में शनिवार शाम परसवाड़ा के बिजाटोला चौराहे पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने कैंडल जलाकर दिवंगत विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।***



श्रद्धांजलि सभा में जिला पंचायत सदस्य तामेश्वर पटेल, जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पन्दरे, जनपद सदस्य रम्मू धानेश्वर, जनपद सदस्य गणेश राहंगडाले, उपसरपंच भजनलाल उईके, विधायक प्रतिनिधि सुधीर पटले, पुलिस पटेल लोकेश राहंगडाले, टीकम राहंगडाले सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य एवं आदिवासी नेता दलसिंह पन्द्रे ने कहा कि नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण जिन विद्यार्थियों ने अपनी जान गंवाई, उनकी आत्मा की शांति के लिए यह श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि दिवंगत विद्यार्थियों के परिजनों को शासन की ओर से एक-एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जानी चाहिए। साथ ही जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के विरुद्ध दर्ज प्रकरणों को वापस लेने की मांग भी की। जिला पंचायत सदस्य तामेश्वर पटेल ने कहा कि परीक्षा प्रणाली में पेपर लीक जैसी घटनाएं लाखों विद्यार्थियों की मेहनत और भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी भी छात्र को ऐसी परिस्थितियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा व्यवस्था की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना सरकार एवं संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए दिवंगत विद्यार्थियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजकों ने श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए सभी जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों व युवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# गढ़ी पुलिस ने खेतों और बाजार में पहुंचकर चलाया 'नशा मुक्ति अभियान 2.0, ग्रामीणों को किया जागरूक

अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।

***मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के अंतर्गत एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) बालाघाट के दिशा-निर्देशन में थाना गढ़ी पुलिस द्वारा लगातार जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।***






इसी क्रम में आज थाना प्रभारी योगेश कुमरे के नेतृत्व एवं संरक्षण में थाना गढ़ी का समस्त पुलिस स्टाफ ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने निकला।

अभियान के दौरान जब पुलिस टीम गांवों में पहुंची, तो देखा कि वर्तमान में खेती-किसानी का सीजन होने के कारण ग्रामीण खेतों में ÷परा-पानी÷ (सिंचाई/रोपाई) के काम में व्यस्त थे। ग्रामीणों की उपस्थिति को देखते हुए गढ़ी पुलिस ने एक अनूठी पहल की और स्वयं खेतों में पहुंचकर किसानों एवं मजदूरों के बीच जाकर नशा मुक्ति का संदेश दिया।

## विभिन्न स्थलों पर चला जागरूकता अभियानः

पुलिस टीम ने न केवल खेतों में काम कर रहे किसानों को जागरूक किया, बल्कि क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर पहुंचकर भी लोगों को नशे से दूर रहने की सलाह दीः

कोयलीखापाः ग्रामीणों एवं किसानों के खेतों में जाकर सीधे संवाद किया।

ग्राम परसामऊः खेतों में काम कर रहे नागरिकों को नशे के सामाजिक व आर्थिक नुकसान समझाए।

पांडुतालाः पांडुताला स्कूल में विद्यार्थियों व शिक्षकों और पांडुताला बाजार हाट में आए अत्यधिक लोगों को अभियान से जोड़कर जागरूक किया।

## थाना प्रभारी का जनता को संदेश..

थाना प्रभारी योगेश कुमरे ने बताया कि ÷नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी गर्त में ले जाता है। अपराधों की मुख्य वजहों में नशा एक बड़ा कारण है। हमारा उद्देश्य है कि समाज का हर वर्ग, चाहे वह खेत में काम करने वाला किसान हो या बाजार आने वाला नागरिक, नशे से दूर रहकर एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज के निर्माण में अपना योगदान दे।÷

गढ़ी पुलिस की इस पहल और खेतों तक पहुंचकर जागरूक करने के अनूठे प्रयास की ग्रामीणों ने सराहना की। इस दौरान थाना गढ़ी का समस्त स्टाफएवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भारतीय मजदूर संघ का 72वां स्थापना दिवस उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***भारतीय मजदूर संघ बिरसा तहसील संगठन, जिला बालाघाट (मध्य प्रदेश) द्वारा संगठन का 72वां स्थापना दिवस पूरे उत्साह, गरिमा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों***



एवं कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और राष्ट्रहित, उद्योग हित एवं श्रमिक हित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक परम पूजनीय श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन की गौरवशाली यात्रा का स्मरण करते हुए श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा, सम्मान तथा सामाजिक सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष श्री रामचरण मरकाम, सचिव श्री मामराज शरणागत, उपाध्यक्ष श्रीमती भागने बाई, उपाध्यक्ष श्री राजकुमार चौधरी, श्री गणेश राहंगडाले, मीडिया प्रभारी देवेन्द्र बलिये सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ आज केवल एक श्रमिक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सशक्त विचारधारा और जनआंदोलन का प्रतीक है। संगठन सदैव श्रमिकों के हितों की रक्षा, उनके सम्मान, सामाजिक सुरक्षा एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए कार्य करता रहेगा।

कार्यक्रम का समापन ÷भारत माता की जय÷ एवं ÷भारतीय मजदूर संघ अमर रहे÷ के गगनभेदी नारों के साथ हुआ।






विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# गोविंदराव वंजारी फाउंडेशन के गोंदिया रोजगार मेले को युवाओं का अभूतपूर्व प्रतिसाद

### 3,488 युवाओं ने कराया पंजीकरण, 1,271 रहे उपस्थित, 111 को मौके पर मिला ऑफर लेटर..




जगप्रेरणा सालेकसा/आमगांव।

***युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नागपुर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक अभिजीत वंजारी के मार्गदर्शन में***

गोविंदराव वंजारी फाउंडेशन द्वारा शनिवार को **Lucky Lawns–Emerald, Near Mona Tyres, Gondia** में भव्य रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। मेले को युवाओं का अभूतपूर्व प्रतिसाद मिला।

रोजगार मेले के लिए कुल 3,488 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 357 अभ्यर्थियों ने मौके पर ही पंजीकरण किया। मेले में 1,271 अभ्यर्थियों ने प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया। विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा आयोजित साक्षात्कार के बाद 291 अभ्यर्थियों का अंतिम चरण के लिए चयन किया गया, जबकि 111 अभ्यर्थियों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र (आफर लेटर) प्रदान किए गए।

रोजगार मेले में 50 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। **Amazon, CEAT, Fiat, Tata Motors, Digital Zoo** सहित आईटी, मैन्युफैक्चरिंग, बैंकिंग, फाइनेंस, रिटेल और सर्विस सेक्टर की अग्रणी कंपनियों ने युवाओं का साक्षात्कार लिया। चयनित अभ्यर्थियों को गोंदिया, नागपुर, पुणे, मुंबई सहित अन्य शहरों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए।

मेले से पूर्व आयोजित प्री-प्लेसमेंट टॉक को भी विद्यार्थियों का भरपूर प्रतिसाद मिला। विशेषज्ञों ने प्रभावी रिज्यूमे तैयार करने, साक्षात्कार की तैयारी, संवाद कौशल तथा करियर निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल, विधायक अभिजीत वंजारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमर वराडे, नगराध्यक्ष सचिन शेंडे, जिला परिषद सदस्य वंदना काळे, जिला परिषद सदस्य छबुताई उके, पप्पू पटले, ओमप्रकाश गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

चंद्रपुर, भंडारा और अब गोंदिया में आयोजित रोजगार मेलों को मिले उत्साहजनक प्रतिसाद से स्पष्ट है कि गोविंदराव वंजारी फाउंडेशन के '30 दिनों में 6 जिलों में 6 रोजगार मेले' अभियान को युवाओं का व्यापक समर्थन मिल रहा है। इस पहल के माध्यम से हजारों युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का संकल्प और अधिक सशक्त हुआ है।

विधायक अभिजीत वंजारी ने रोजगार मेले के सफल आयोजन के लिए सहभागी कंपनियों, अधिकारियों एवं सभी युवक-युवतियों का आभार व्यक्त करते हुए आगामी रोजगार मेलों में भी अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।

# दिल्ली पुलिस द्वारा प्रोटेस्ट कर रहे स्टूडेंट्स पर अमानवीय अत्याचार के खिलाफ देवरी में भव्य मोर्चा..

### अलग-अलग संगठनों ने मूलगंध कुटी बौद्ध विहार से रानी दुर्गावती चौक तक विरोध प्रदर्शन किया..

### दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग..



जगप्रेरणा देवरी।

***नई दिल्ली के ऐतिहासिक जंतर-मंतर इलाके में प्रोटेस्ट कर रहे स्टूडेंट्स पर हुए अमानवीय अत्याचार का गंभीर असर अब ग्रामीण इलाकों में भी महसूस होने लगा है।***

इस घटना के विरोध में आज, शनिवार (25 जुलाई) सुबह 11 बजे देवरी तालुका के अलग-अलग सामाजिक, राजनीतिक और स्टूडेंट संगठनों की मिली-जुली मौजूदगी में एक बड़ा शांति मोर्चा निकाला गया। यह शांति मोर्चा देवरी के मूलगंध कुटी बौद्ध विहार से शुरू हुआ। यह मोर्चा शांतिपूर्ण शहर के अलग-अलग रास्तों से होते हुए रानी दुर्गावती चौक पहुंचा, जहां इस मोर्चे का रूप एक पब्लिक मीटिंग में बदल गया।

मोर्चे में प्रोटेस्ट करने वालों ने हाथों में विरोध प्लेकार्ड लिए हुए थे और स्टूडेंट्स पर हो रहे अत्याचार का औपचारिक तरीके से कड़ा विरोध किया। इस पब्लिक मूवमेंट पर किसी एक पार्टी या ऑर्गनाइज़ेशन का ठप्पा नहीं था, बल्कि तालुका की सभी पार्टियों के रिप्रेज़ेंटेटिव, सोशल ऑर्गनाइज़ेशन के ऑफ़िसर, सैकड़ों स्टूडेंट्स और आम लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

इस मौके पर, 'स्टूडेंट्स देश का भविष्य हैं। उनके साथ अन्याय और ज़ुल्म बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एडमिनिस्ट्रेशन को तुरंत दोषियों के ख़िलाफ सख़्त एक्शन लेना चाहिए और स्टूडेंट्स को इंसाफ़ दिलाना चाहिए और उनके हक़ की रक्षा करनी चाहिए,' मोर्चे में बोलने वालों ने गुस्से वाला लेकिन संयमित रवैया दिखाया।

बाद में, रानी दुर्गावती चौक पर मोर्चा खत्म होने के बाद, प्रोटेस्ट करने वालों के डेलीगेशन ने अपनी मांगों का एक निवेदन संबंधित एडमिनिस्ट्रेटिव अधिकारियों को दिया। पूरे मोर्चे के दौरान किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए कड़ी पुलिस सिक्योरिटी तैनात की गई थी।

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### शेड मे बांधकर रखा बकरा चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 23/7/2026 के रात ग्राम लिंबा मे फर्यादी प्रदिप अच्युतराव पत्की उम्र 71 वर्ष निवासी लिंबा ने रात को अपने शेड मे जानवर को चारा पानी देकर सो गये। सुबह उठकर देखा तो शेड मे बंधा ब्लॅक बंगाल जातका बकरा किमत 25 हजार का वहा नही था। रात के समय किसी अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोरेगाव मे अपराध क्रमांक 478/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा खेमराज कोडापे 1551 पोस्टे गोरेगाव कर रहे है।

### अदानी के गेट के सामने से मोटर सायकल चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 19/6/2026 के रात अदानी कंपनी के चिखली गेट के सामने फर्यादी पुरणलाल ग्यानीराम टेकाम उम्र 50 वर्ष निवासी मंगेझरी ने अपनी मोटरसायकल शाईन क्रमांक एम एच 40 सी के 0630 किमत 50 हजार की पार्क करके रखी थी। दुसरे दिन सुबह आकर देखा तो मोटरसायकल वहा नही थी रात के समय किसी अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 706/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाच सपोनी कवडे पोलीस स्टेशन तिरोडा कर रहे है।

### बीमारी से तंग आकर अधेड़ ने की खुदखुशी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 24/ 7/ 2026 के दोपहर 3 बजे के दरम्यान नारायण नगर आमगाव मे आनंदराव कवळु भांडारकर उम्र 52 वर्ष निवासी आमगांव को कैंसर की बिमारी थी। उसी के टेंशन मे घटना के समय अपने घर के हॉल मे सिलिंग पंखे को रस्सी बांधकर फांसी लगाई, फर्यादी के दिये बयान और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे आमगांव मे अकस्मात मौत क्रमांक 34/ 2026 धारा 194, बि एन एस एस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा उईके 795 पोस्टे आमगाव कर रहे है।

### एक्सीडेंट मे जख्मी हुवे महिला की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के देवरी पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 24/ 6/ 2026 को 4 बजे के दरम्यान कलावती सुनील उईके अपने बेटे के साथ मोटरसायकल पर मुल्ला जा रही थी। जाते समय टर्निंग से मोटरसायकल स्लिप होने से वह गाडी के नीचे गिरी सर मे गंभीर चोट लगने की वजह से उसे रामायणा हास्पीटल मे प्राथमिक उपचार कर नागपुर एम्स अस्पताल मे भर्ती कराया गया जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे देवरी मे अकस्मात मौत क्रमांक 26/2026 धारा 194, भानासूस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा ईस्कापे 1236 पोस्टे देवरी कर रहे है।

# दरेकसा क्षेत्र में मलेरिया का कहर: एक पुलिस जवान सहित चार की हालत गंभीर



### तीन मरीज सालेकसा, एक गोंदिया रेफर, अब तक 25 लोग मलेरिया से संक्रमित..

जगप्रेरणा सालेकसा।

***सालेकसा तहसील के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरेकसा के अंतर्गत आने वाले गांवों में मलेरिया (हिवताप) ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। अब तक कुल 25 लोगों में मलेरिया संक्रमण की पुष्टि हुई है।***

इनमें से चार मरीजों की हालत गंभीर होने के कारण तीन को ग्रामीण अस्पताल सालेकसा तथा एक को केटीएस अस्पताल गोंदिया रेफर किया गया है। इन सभी मरीजों में पी.एफ (प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम) प्रकार का खतरनाक मलेरिया पाया गया है।

गंभीर मरीजों में मुरकुटडोह स्थित सशस्त्र दूर क्षेत्र कैंप के सी-60 पुलिस जवान पांडुरंग शेतोड (29) भी शामिल हैं। सालेकसा रेफर किए गए मरीजों में निशा दिनेश मडावी (28), निवासी कोटीटोला (नवाटोला), मषिका चंद्रशेखर सिरजाम (23), निवासी कट्टीपार (मुरकुटडोह) तथा सी-60 पुलिस जवान पांडुरंग शेतोड (29) शामिल हैं। वहीं कोपालगढ़ निवासी सुभाष परते (35) को केटीएस अस्पताल, गोंदिया रेफर किया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की सीमा से लगे सालेकसा तहसील का दरेकसा क्षेत्र पहाड़ी एवं घने जंगलों से घिरा हुआ है। हर वर्ष बारिश के मौसम में यहां मलेरिया का प्रकोप देखने को मिलता है। यदि स्वास्थ्य विभाग समय रहते आवश्यक उपाय नहीं करता, तो मलेरिया तेजी से फैलता है। इस वर्ष भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरेकसा द्वारा मानसून पूर्व आवश्यक जनजागरूकता अभियान और बचाव संबंधी तैयारियां प्रभावी ढंग से नहीं किए जाने के कारण संक्रमण को रोकने में सफलता नहीं मिल सकी। वर्तमान में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरेकसा के अंतर्गत आने वाले गांवों में 25 लोग मलेरिया से संक्रमित हो चुके हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है।

### संक्रमण के बाद ही शुरू हुई सक्रियता..

दरेकसा क्षेत्र में हर वर्ष वर्षा ऋतु के दौरान मलेरिया फैलने की आशंका बनी रहती है। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी समय रहते ग्रामीणों को बचाव संबंधी जानकारी देने के लिए जागरूकता शिविर आयोजित नहीं करते और संवेदनशील गांवों का नियमित दौरा भी नहीं करते। अब जब मलेरिया ने गंभीर रूप धारण कर लिया है, तब स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी गांव-गांव जाकर औपचारिक कार्रवाई पूरी करते दिखाई दे रहे हैं।

# सुनील अग्रवाल श्री कृष्ण गौरक्षा ट्रस्ट बोर्ड के वाइस प्रेसिडेंट चुने गए..



जगप्रेरणा देवरी।

***देवरी के जाने-माने व्यापारी और सोशल वर्कर सुनील अग्रवाल अग्रसेन मेमोरियल कमेटी के वाइस प्रेसिडेंट और पत्रकार संघ के स्पेशल एडवाइजर हैं।***

वे गोंदिया डिस्ट्रिक्ट व्यापारी एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट और कोऑर्डिनेटर के पद पर भी हैं। इन सभी सोशल कामों में आगे रहने वाले सुनील अग्रवाल को दोस्तों, पत्रकार संघ और परिवार समेत कई सोशल ऑर्गनाइजेशन और शहर के जाने-माने लोगों ने मिलकर विदर्भ की सबसे बड़ी संस्था श्रीराम गौशाला समिति ट्रस्ट बोर्ड का वाइस प्रेसिडेंट चुना।

इस चुनाव के लिए सुनील अग्रवाल ने खास तौर पर गौपुरी बोर्ड प्रेसिडेंट सीताराम अग्रवाल, राजेश व्यास, ट्रस्ट बोर्ड प्रेसिडेंट रमाकांत अग्रवाल, गौशाला समिति प्रेसिडेंट शंकरलाल अग्रवाल और गौशाला समिति और ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों और अधिकारियों का शुक्रिया अदा किया।

# गोरेगांव मे जन आरोग्य समिती की सभा का हुआ आयोजन..



**जगप्रेरणा गोरेगांव।**

**दिनांक 24/07/2026 को नागरी आयुष्यमान आरोग्य मंदिर UHWC गोरेगांव मे जन आरोग्य समिती की सभा ली गयी. इस सभा मे अध्यक्ष स्थान पर श्रीमती तिमेश्वरीताई पटले नगरसेविका न. पंचायत गोरेगाव थें। और तेजराम (छोटु भाऊ) बिसेन न. पंचायत अध्यक्ष, मलेश्याम येलोरा न. पंचायत उपाध्यक्ष, रवी पटले सर ता. नि. पथक गोरेगाव, नागेश लोणारे न. पंचायत गोरेगांव, डॉ. योगेश पटले HWC गोरेगांव, सचिन लोणारे MPW UHWC गोरेगांव, आशासेविका उपस्थित थे।**

# श्रावणी मेला के अवसर पर एलटीटी-शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस का महादेवसाल स्टेशन में अस्थायी ठहराव की सुविधा

जगप्रेरणा गोंदिया।

***महादेवसाल में आयोजित श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की विशेष सुविधा हेतु दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के महादेवसाल स्टेशन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने***

वाली गाड़ी संख्या 18029/ 18030 एलटीटी-शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस का अस्थायी ठहराव की सुविधा दिनांक 28 जुलाई 2026 से 28 अगस्त 2026 तक दी गई है ।

### विवरण इस प्रकार है..

दिनांक 28 जुलाई 2026 से 26 अगस्त 2026 तक 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस महादेवसाल स्टेशन में ठहराव के साथ चलेगी । यह गाड़ी महादेवसाल स्टेशन 04.29 बजे पहुंचेगी तथा 04.31 बजे रवाना होगी ।

दिनांक 30 जुलाई 2026 से 28 अगस्त 2026 तक 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस महादेवसाल स्टेशन में ठहराव के साथ चलेगी। यह गाड़ी महादेवसाल स्टेशन 21.36 बजे पहुंचेगी तथा 21.38 बजे रवाना होगी ।

मराठा स्पोर्ट्स
9284744867
9112026507
7006748047
T-shirt
Lower
Short
Shoes etc.
All Sports Items Available
नारायण लॉन के सामने क्रिडा संकुलन मरारटोली, गोंदिया

सुश्रृत क्षारसुत्र व आयुर्वेद पंचकर्म सेंटर
● मुळव्याध (बवासीर) ● भगंदर (नासुर)
● फिशर ● कड निकलना व अन्य गुदारोग
अत्याधुनिक व्हेसल सिलर, लेजर व क्षारसुत्र द्वारा दर्दरहित सफल चिकित्सा
व्हेसल सिलर मशिन
व्हेसल सिलर क्लॅम्प
लेजर
डॉ. कमलापती खोब्रागडे
BAMS, M.S. (Scholar) CCKS (Guj)
मुळव्याध, भगंदर व गुदारोग विशेषज्ञ
डॉ. सौ. अपर्णा खोब्रागडे
BAMS, D.P.C. (Mumbai)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
साकेत पब्लिक स्कुल के पास, गणेश नगर, गोंदिया (महाराष्ट्र)
मोबा. 09823021274








जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा

● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली



महावीर डेवलपर्स गोरेगांव

1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555


### रघुपती राघव राजाराम, भाजपा सरकार को सद्बुध्दी दे भगवान के नारों के साथ

# गोंदिया में कांग्रेस ने धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे पर जताया हर्ष..

### पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल, नगराध्यक्ष सचिन शेंडे की अगुवाई में युवा क्रांती की सफलता का कांग्रेस ने मनाया जश्न..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***विगत 2 माह से देश में हो रही युवा क्रांती ने आज अंतत: भाजपा की केन्द्र सरकार की जड़ें हिला दी और अंतत: नीट परिक्षा पेपर लीक के प्रमुख जिम्मेदार केन्द्रिय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को आज अंतत: शिक्षा मंत्री के पद से इस्तीफा देना पडा। इस अवसर पर***

पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल की प्रमुख उपस्थिती में जिला कांग्रेस कमेटी ने स्थानीय गांधी प्रतिमा चौक पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती जलाकर कैंडल मार्च निकाला, जिसमें एक ओर जहां युवाओं की क्रांती के सकारात्मक नतीजे और संपुर्ण देश के युवाओं में बढ़ती समझ के लिए हर्ष व्यक्त किया। वही रघुपती राघव राजाराम, भाजपा सरकार को सद्बुध्दी दे भगवान के कांग्रेसजनों ने नारे लगाए। इस अवसर पर पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने कहा कि, केन्द्र की भाजपा सरकार पिछले 12 वर्षों से केवल हिन्दु-मुस्लिम करने में लगी है और भ्रामक प्रचार के माध्यम से चुनाव जीतकर देश पर राज कर रही है। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में स्थान बनाने और दुसरी पार्टियों को तोड़कर लोकसभा, राज्यसभा में दो तिहाई बहुमत प्राप्त करने के चक्कर में देश की आंतरिक व्यवस्थाएं गड़बड़ा रही है। आज छात्रों को दिल्ली पुलिस की लाठियों से पिटते सारे देश ने देखा और सभी इससे दुखी है। सरकार ने आज दोषी शिक्षा मंत्री को युवा क्रांती के दबाव में हटाने का फैसला लिया, लेकिन यही निर्णय 5 दिन पहले हुआ रहता तो स्वागत योग्य रहता। भविष्य में भाजपा की केन्द्र सरकार आम नागरीकों की भावनाओं को समझते हुए काम करे, यही अपेक्षा करते है।

इस अवसर पर प्रमुख रुप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमर वराड़े, नगराध्यक्ष सचिन शेंडे, पार्षद राकेश ठाकुर, अशोक गप्पु गुप्ता, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक चौधरी, सुनील भालेराव, अजय अग्रवाल, क्रांती जैसवाल, विजय रगडे, चंदु चुटे, अमर रंगारी, जहिरभाई अहमद, व्यंकट पाथरु, कृउबास सभापती राजकुमार पप्पु पटले, रंजित गणवीर, विजयभाऊ बहेकार, पुर्व जिप सभापती अर्जुन नागपुरे, बलजीतसिंग बग्गा मनोज पटनायक, राकेश वर्मा, श्रीकांत चांदुरकर, रुपाली उके, शीतल गुप्ता, अरुण दर्यानी, सुनिता माहुले, ऐश्वर्या बोम्बाडे, अनुपमा पटले, लोकेश रहांगडाले, अमन तिगाला, कृष्णकुमार कठाने, दिलीप गौतम, हरिश तुळसकर, विशाका वासनिक सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

# गोंदिया जिला श्रमिक पत्रकार संघ द्वारा सांसद राजेन्द्र जैन का नागरिक सत्कार आज होटल ग्रैंड सीता में..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले के राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र जैन के निर्विरोध राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने की खुशी में गोंदिया जिला श्रमिक पत्रकार संघ द्वारा नवनिर्वाचित सांसद श्री राजेंद्र जैन का नागरिक सत्कार समारोह आज 26 जुलाई रविवार***

को शाम 7 बजे गोंदिया-तिरोड़ा रोड स्थित होटल ग्रैंड सीता में आयोजित किया गया है। संघ के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल एवं आयोजन समिति के सदस्य सुभ्रत पाल, राजेश बंसोड़, प्रकाश तिड़के, रवि ठकरानी, मुकेश मिश्रा तथा विष्णु शर्मा कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के सदस्य रोशन जायरस्वाल तथा गोंदिया जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के विधायक विजय रहांगडाले (तिरोड़ा), विनोद अग्रवाल (गोंदिया) एवं इंजी. राजकुमार बड़ोले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर गोंदिया के विभिन्न संगठनों, संस्थाओं एवं पत्रकारों द्वारा श्री राजेंद्र जैन का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। गोंदिया जिला श्रमिक पत्रकार संघ द्वारा समस्त पत्रकारसाथियों से भव्य उपस्थिति की अपील की गई है।

### पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के जन्मदिन पर

# रक्तदान, वृक्षारोपण संहित अनेक सेवा कार्यों का आयोजन 27 जुलाई को..

### जन्मदिन के अवसर पर पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल रहेंगे गोंदिया में..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***सोमवार 27 जुलाई 2026 को पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के जन्मदिन के अवसर पर गोंदिया जिला युवक कॉग्रेस एवं छैन्यू द्वारा इस दिन को युवा उत्सव दिवस के रुप में मनाया जा रहा है।***

उल्लेखनीय है कि, जन्मदिन के अवसर पर हर वर्ष की तरह पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल गोंदिया में ही रहेंगे तथा सभी शुभचिंतकों से अपने निवास पर भेंट करेंगे। प्रातः8.00 बजे से पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधा वितरण कार्यक्रम, जन्मदिन के शुभ अवसर पर प्रातः8.00 बजे से, पंचायत समिती के समीप, आंबेडकर चौक पर, प्रताप मेमोरियल चेरीटेबल ट्रस्ट एवं नगराध्यक्ष सचिनभाऊ शेंडे के माध्यम से नागरीकों को पौधारोपन हेतु पौधो का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जायेगा। उपरांत प्रातः11.00 बजे से शासकीय बीजीडब्ल्यु रुग्णालय में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ता जरुरतमंदों के लिए रक्तदान का लोकहित कार्य करेंगे। गोंदिया जिला कॉंग्रेस कमेटी एवं गोंदिया शहर कमेटी द्वारा स्थानीय शासकीय केटीएस एवं बीजीडब्ल्यु रुग्णालय में सभी मरीजों को फल वितरण किया जायेगा। युवा नगर परिषद सदस्यों ने शिक्षण के प्रचार-प्रसार की दृष्टि से छात्रों को नोटबुक आदि साहित्य वितरण का कार्यक्रम न.प.की मरारटोली एवं रामनगर स्कूल में आयोजित किया है। दोपहर 3.00 बजे स्थानीय सिटी पोलिस थाना परिसर में वृक्षारोपणः दोपहर 3.00 बजे श्रीराम वृक्षारोपण आयोजन समिती द्वारा, सतत वृक्षारोपण अभियान अंतर्गत पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के हस्ते गोंदिया शहर पोलिस थाना परिसर में वृक्षारोपण किया जायेगा। सभी कार्यक्रमों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं-पदाधिकारियों से उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील गोंदिया जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमर वराड़े, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोकसिंह चौधरी, महासचिव मनोज पटनायक, पूर्व जिप सदस्य अर्जुन नागपुरे एवं अपूर्व अग्रवाल ने की है।


# महायुती सरकार की वचनबद्धता, राज्य के 56 लाख और गोंदिया जिले के 29,994 पात्र किसानों को कर्जमाफी योजना का लाभ मिलना शुरू..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर किसान कर्जमुक्ति योजना के अंतर्गत महायुती सरकार ने किसानों का 2 लाख रुपये तक का कृषि ऋण माफ करने का निर्णय लागू किया है, साथ ही, नियमित रूप से ऋण चुकाने वाले किसानों के लिए 50 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा भी की गई है। इस योजना का लाभ राज्य के लगभग 56 लाख किसानों***

को मिलेगा। शनिवार, 25 जुलाई को सरकार द्वारा कर्जमाफी के पात्र किसानों की जिला-वार सूची जारी की गई। आषाढ़ी एकादशी के पावन अवसर पर किसानों को कर्जमाफी का यह उपहार देकर महायुती सरकार ने अपना वादा निभाया है। पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर किसान कर्जमुक्ति योजना के तहत गोंदिया जिले में राष्ट्रीयकृत, सहकारी एवं निजी बैंकों के 29,994 पात्र किसान लाभार्थी हैं। इनमें से जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक के 20,915 से अधिक किसानों का 2 लाख रुपये तक का कृषि ऋण माफ किया जाएगा। इसके अलावा, नियमित रूप से ऋण चुकाने वाले किसानों को 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी।

गोंदिया जिले के पात्र किसानों को इस योजना के तहत 127 करोड़ 33 लाख रुपये की कर्जमाफी का लाभ मिलेगा, जो अब तक की सबसे बड़ी कर्जमाफी मानी जा रही है। यह महत्वपूर्ण निर्णय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उप मुख्यमंत्री सुनेत्राताई पवार तथा उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के दूरदर्शी नेतृत्व में लिया गया है। कर्जमाफी के इस निर्णय से किसानों को नई ऊर्जा और आर्थिक संबल मिला है। योजना के तहत पात्र किसानों के बैंक खातों में कर्जमाफी की राशि जमा की जाएगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए सांसद प्रफुल पटेल एवं सांसद राजेंद्र जैन ने मुख्यमंत्री तथा महायुती सरकार का आभार व्यक्त किया है।





### मुख्यमंत्री एवं महायुती सरकार के प्रति सांसद प्रफुल पटेल एवं सांसद राजेंद्र जैन ने जताया आभार..

कर्जमाफी से किसानों के लिए दोबारा पूरे उत्साह के साथ खेती करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। शनिवार (25 जुलाई) को पात्र किसानों की सूची जारी कर दी गई है तथा आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद कर्जमाफी की राशि सीधे किसानों के खातों में जमा की जाएगी। इससे किसानों के लिए नया फसल ऋण प्राप्त करना भी आसान होगा। महायुती सरकार का किसानों के हित में लिया गया यह निर्णय सराहनीय माना जा रहा है और इस फैसले से किसानों में खुशी एवं संतोष का वातावरण है।







स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक – स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक – आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल – jagprernaw@gmail.com